जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 13 मई, 2024




## विचार बिन्दु

किसी पूर्वतन ख्याति का उत्तराधिकार प्राप्त करना एक संकट मोल लेना है।
–टैगोर

# क्या हमने इन सारी बातों पर आहत होना छोड़ दिया है?

पुरानी पीढ़ी का हूं तो मेरे आदर्श, मेरे सपने, मेरी अपेक्षाएं – ये सब भी पुराने ही हैं। अब लोकतंत्र और चुनाव को ही लीजिए। पहले दूसरे चुनाव की तो याद नहीं–हालांकि तब तक मेरा जन्म हो चुका था– उसके बाद के सारे चुनावों की यादें हैं। अब तक हुए चुनावों को, उनके बदलावों को दिलचस्पी से और नज़दीक से देखा है। जिन चीज़ों को देखा नहीं उन्हें किताबें पढ़–पढ़कर भी जाना। अध्यापन का मेरा विषय भले ही साहित्य रहा, राजनीति में मेरी गहरी दिलचस्पी रही और अपने उन दोस्तों से हटकर जिन्होंने राजनीति को अपनी चाय का प्याला मानने से इंकार किया, मैं यह मानते हुए कि अगर राजनीति मेरे जीवन को प्रभावित करती है तो मुझे भी उसमें दिलचस्पी रखनी चाहिए, उसके बारे में जानने और जितना सम्भव और अनुमत हो, उसमें अपनी टांग अड़ाने से पीछे नहीं हटा। जब तक नौकरी में था, उसकी अपनी मर्यादाएं थीं, अतः मेरी सक्रियता केवल मानसिक थी। सेवा निवृत्त हो जाने के बाद खुलकर अपनी बात कहने की आज़ादी मिल गई, और उसका सीमित व संयमित उपयोग मैंने किया। अब भी करता हूं। अपने लेखन के माध्यम से मैं समकालीन परिदृश्य में कुछ हस्तक्षेप करने का सतत प्रयास करता हूं।

मैं लोकतंत्र को सर्वाधिक आदर्श व्यवस्था मानता हूं। आज़ादी के बाद भारत ने इस व्यवस्था को अपनाया और इसी के तहत अपने सारे वयस्क नागरिकों को मताधिकार प्रदान किया। आज़ादी मिलने के बाद के प्रारंभिक वर्षों में कॉंग्रेस को आज़ादी की लड़ाई में उसकी महती भूमिका का लाभ मिला,पुरस्कार भी और उसने भी कमोबेश अपने को देश की सरकार चलाने का सुपात्र प्रमाणित किया। आज के राजनेता भले ही अपने बड़बोलेपन के जुनून में गरज–गरज कर यह पूछने की हिमाकत कर लें कि कॉंग्रेस ने सत्तर बरसों में क्या किया, इस बात से इंकार करना सच्चाई से आंख मूंदना होगा कि योजनाबद्ध आर्थिक विकास करके और एक ऐसे ढांचे का निर्माण करके जो सत्ता को निरंकुश न होने दे, कॉंग्रेस ने अपने दायित्व का बहुत उम्दा निर्वहन किया। आज़ादी मिलने के बाद हमें जिन नेताओं का नेतृत्व प्राप्त हुआ वे सही अर्थों में कद्दावर लोग थे। उनके पास दृष्टि थी और था बड़ा मन। आज भले ही हम उस काल के बहुत सारे कामों में कमियां निकाल कर खुश हो लें, सच तो यह है कि उस काल में जो हुआ उससे बेहतर होना संभव ही नहीं था। लेकिन समय सदा एक–सा नहीं रहता है। जो शिखर पर पहुंचता है उसे ढलान पर भी जाना होता है (काश! यह बात अब भी समझी जाए!)। 1962 के चीनी आक्रमण ने नेहरू की छवि की चमक कम की और उसके बाद हुई बहुत सारी बातों ने कॉंग्रेस को कमज़ोर और प्रतिपक्ष को मज़बूत किया। उस पूरे काल के विस्तार में जाने का यहां अवकाश नहीं है। बस, इतना कि भले ही कॉंग्रेस कमज़ोर होती गई और विपक्षी दल मज़बूत होते गए, उनमें पारस्परिक सद्भावना और शालीनता में कमी नहीं आई। इस लिहाज़ से भारतीय संसद की अनेक बहसों को याद किया जा सकता है जिनमें नेहरू की भीषण आलोचना की गई लेकिन जो उनका विरोध करते थे वे भी उनके प्रति सद्भावी सदा बने रहे। और यह क्रम नेहरू के बाद भी काफी समय तक ज़ारी रहा। अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्र संघ में भेजने का प्रसंग हो या उनको इलाज़ के लिए विदेश भेजने की पहल, कभी ऐसा नहीं लगा कि सत्तारूढ़ दल विपक्ष के प्रति दुर्भावना रखता है। अलबत्ता इमर्जेंसी का दौर ऐसा रहा जब तत्कालीन प्रधान मंत्री ने अपने विरोधियों को जेल में डाला, लेकिन तब भी विपक्ष का उनके प्रति रवैया सम्मानपूर्ण ही बना रहा। उस ज़माने के बड़े नेताओं के भाषणों को याद करें तो उन भाषणों में फूहड़पन, मिथ्याकथन, कटुता ढूंढे से भी नहीं मिलेगी। बड़े लोग अगर कुछ कहते तो उनके लहज़े में भी बड़प्पन होता था। एक नागरिक के रूप में हम कभी यह सोच भी नहीं सकते थे कि इंदिरा गांधी या राजीव गांधी या मोरारजी देसाई या अटल बिहारी वाजपेयी, या जयप्रकाश नारायण या मधु लिमये या जॉर्ज फर्नाण्डीज़ या जेबी कृपलानी या चंद्रशेखर या कोई भी और नेता मंच से कोई हलकी बात कहेगा। वे एक–दूसरे का भयंकर विरोध करते लेकिन शालीनता की लक्षण रेखा कभी किसी ने लांघी हो, याद नहीं आता। कुल मिलाकर उनके विरोध में भी एक गरिमा हुआ करती थी।

**भारतीय संसद में हाल के बरसों में जितने प्रतिपक्षी सांसदों को उनकी सदस्यता निलम्बित कर उनके अधिकार से वंचित किया गया है वह संख्या हमें स्तब्ध करती है। जितने बुद्धिजीवी अभी अज्ञात या अस्वीकार्य कारणों से जेलों की सलाखों के पीछे हैं, उनकी गिनती करना भी कठिन है। अब तो राज्यों के निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की आज़ादी भी असहनीय होने लगी है।**

पिछले ज़माने के सत्ताधीश इस बात को मानकर चलते थे कि प्रतिपक्ष का धर्म ही उनका विरोध करना है। वे विरोध को सहज भाव से स्वीकार करते थे। हर दल सत्ता में बने रहना या आना चाहता था, लेकिन दूसरे को कुचलने का उनका दूर–दूर तक कोई इरादा नहीं होता था। सद्भावनापूर्ण सह– अस्तित्व का भाव सदा विद्यमान रहा। लेकिन आहिस्ता–आहिस्ता यह सद्भाव छीजता गया और अब हालत यह हो गई है कि जो सत्ता में है केवल वे ही नहीं, उनके समर्थक–प्रशंसक भी दूसरे किसी भी पक्ष का होना ही स्वीकार या सहन करने को तैयार नहीं हैं। विरोध की तो बात ही क्या करें, वैचारिक असहमति का मतलब अब सीधी लड़ाई और दुश्मनी हो गया है। सत्ता ने अपने को इतना ताकतवर मान और बना लिया है कि वह अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को कुचलना अपना जन्म सिद्ध अधिकार मानने लगी है। भारतीय संसद में हाल के बरसों में जितने प्रतिपक्षी सांसदों को उनकी सदस्यता निलम्बित कर उनके अधिकार से वंचित किया गया है वह संख्या हमें स्तब्ध करती है। जितने बुद्धिजीवी अभी अज्ञात या अस्वीकार्य कारणों से जेलों की सलाखों के पीछे हैं, उनकी गिनती करना भी कठिन है। अब तो राज्यों के निर्वाचित मुख्यमंत्रियों की आज़ादी भी असहनीय होने लगी है। जिन संवैधानिक संस्थाओं को हमारे बड़े नेताओं ने इतने जतन से बनाया और पाला पोसा उनको योजनाबद्ध तरीके से नख–दंत विहीन कर दिया गया है। मीडिया को पूरी तरह पालतू बना दिया गया है। उसमें दिन–रात केवल सत्ता की भक्ति का संगीत गूंजता है।

फिर अतीत की तरफ लौटें। जो हाल नेताओं का था वही आम जन का भी था। कोई इसका समर्थक होता कोई उसका। पारस्परिक बहसें होतीं, दूसरों के काम में खोट बताया जाता, आरोप लगते, जवाब में प्रत्यारोप लगते लेकिन रिश्ते ख़राब नहीं होते। बहस ख़त्म तो फिर एक हो जाते। कोई किसी को गाली नहीं देता, कोई किसी की देशभक्ति में सन्देह नहीं करता, किसी को यह घमंड नहीं होता कि देश का या धर्म का पूरा ठेका उसी के दल के पास है। लेकिन अब आप अपनों से भी खुलकर मन की बात नहीं कर सकते हैं। भयंकर असहिष्णुता का माहौल बन चुका है। इतिहास और तथ्यों को सर के बल खड़ा किया जा चुका है। बड़े नेता जैसे और जब चाहें इतिहास की ऐसी–तैसी कर देते हैं और कोई उनकी तरफ उंगली भी नहीं उठा सकता। उन्हें मिथ्या कथन की निर्बाध स्वतंत्रता मिल चुकी है। और हम नागरिकों ने भी इसे उनके मूलभूत अधिकार के रूप में स्वीकार कर लिया है। 'पहले आती थी हाल–ए–दिल पे हंसी, अब किसी बात पे नहीं आती'। अब हम किसी भी बेहूदगी पर नाराज़ होना तो दूर, चकित भी नहीं होते। दुष्यंत ने बहुत पहले जो कह था, वह अब तबसे भी ज़्यादा सही साबित हो रहा है:–'इस शहर में वो कोई बारात हो या वारदात/अब किसी भी बात पर खुलती नहीं हैं खिड़कियाँ।' वॉट्सएप विश्वविद्यालय ज्ञान का एकमात्र स्त्रोत रह गया है।

और इसी माहौल के बीच चुनाव हो रहे हैं। मुझ जैसे पुरानी सोच के लोग कल्पना करते हैं कि चुनाव हो रहे हैं तो सत्तारूढ़ दल यह बताएगा कि उसने क्या किया है और क्या करना चाहता है, और ज़ाहिर है कि प्रतिपक्षी उसकी नाकामयाबियां गिनाते हुए अपनी योजनाएं बताएंगे। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। सत्तारूढ़ दल अपनी उपलब्धियां बताने की बजाय उस दल को कोस रहा है जो दस बरस पहले तक सत्ता में था और वे जिनके पास अभी सत्ता नहीं है उनको सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है। पूरा का पूरा सत्तारूढ़ दल एक व्यक्ति में सिमट आया है। सारा चुनाव ही दल के नहीं व्यक्ति के नाम पर लड़ा जा रहा है। हर तरह की जवाबदेही से किनारा कर लिया गया है। अगर इतने से काम नहीं चल रहा है तो मिथ्या और नितांत अप्रामाणिक व द्वेषपूर्ण बातों के माध्यम से देश की सद्भावना की चादर को तार–तार करने का प्रयास करते हुए अपनी जीत की भूमिका तैयार करने में संकोच नहीं किया जा रहा है। जो बात कभी मनमोहन सिंह ने कही ही नहीं उसे उनके माथे पर थोप कर अपनी जीत का जुगाड़ करने की चेष्टा की जा रही है। मिथ्या कथनों को इतनी बार और इतनी ज़ोर से दुहराया जाता है कि भोले लोग उसी को सच मान बैठते हैं। अब नैतिक–अनैतिक की सीमा रेखा मिट चुकी है। अपने–पराए का भेद भी ख़त्म हो चुका है। जीतने के लिए अगर अपनों की भी बलि देनी पड़े तो कोई संकोच नहीं! यह हमने हाल में देखा ही है। अब एकमात्र लक्ष्य जीत रह गया है!

और इस सबका सबसे खराब पक्ष यह है कि हमने भी इन तमाम बातों पर आहत होना छोड़ दिया है!

**–अतिथि संपादक**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# बल्लूपुरा के लोग पांच माह से पीने का पानी खरीदने को मजबूर

## ग्रामीणों के अनुसार रोड निर्माण कार्य के चलते रोड ठेकेदार ने गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पानी की लाइन को हटाकर दूर फेंक दिया

**पाटन, (निसं)।** ग्राम पंचायत बल्लूपुरा में इस भयंकर गर्मी में लोग पीने के पानी के लिए इधर–उधर चक्कर काटते फिरते हैं तथा मोल का पानी पीने को मजबूर है। ग्राम पंचायत बल्लूपुरा में अगस्त महिने से रोड निर्माण कार्य शुरू हुआ था। रोड निर्माण कार्य के चलते रोड ठेकेदार ने गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पानी की लाइन को हटाकर दूर फेंक दिया, जिसके चलते रोड के आसपास रहने वाले लोगों को गत पांच महीने से पीने के पानी के लिए इधर–उधर भटकना पड़ रहा है या फिर उन गरीब लोगों को मजबूरी में मोल का पानी लेकर पीना पड़ रहा है।

पिछली सरकार ने विधायक मोदी की अनुसंशा पर रोड की स्वीकृति प्रदान की थी जिसकी लंबाई तीन किलोमीटर है। यह सड़क सवा तीन करोड़ रुपए की लागत से बल्लूपुरा ग्राम पंचायत से रामपुरा रोड तक बनाई जानी है तथा रोड की चौड़ाई 18 फीट की होनी है। रोड निर्माण में जो मकान, दीवार, बाधा बन रही थी उनको हटाया गया है। सड़क निर्माण कार्य के दौरान अधिकांश अतिक्रमणों को हटाया गया है परंतु दोनों तरफ तीन–तीन फीट जगह ब्रहम के लिए नहीं है। अधिकांश अतिक्रमण हटा दिए गए हैं परंतु अभी भी कुछ अतिक्रमण बचे रहने से निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है।




पाटन के ग्राम बल्लूपुरा में पानी का टैंकर आते ही महिलाओं की भीड़ लग जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि रोड निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार ने पाइपलाइन हटाकर दूर डाल दी जिसके चलते पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। कुछ लोगों को पुरानी पाइप लाइन से दो चार बाल्टी पानी की मिल जाती है जिससे लोग पूर्ति कर रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र की सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अरबों रुपए खर्च कर घर–घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था में लगी हुई है, वहीं ग्राम पंचायत बाल्लूपुरा की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है कि जानबूझकर लोगों को पानी के लिए परेशान करने में लगी हुई है।

इस बारे में ग्राम पंचायत बल्लूपुरा सरपंच हवा सिंह ने बताया कि रोड निर्माण कार्य के चलते पाइप लाइन को हटाया गया है तथा गांव के लोग पुरानी पाइप लाइन से पानी ले रहे हैं। रोड निर्माण कार्य पूरा होते ही पाइप लाइन डाल दी जाएगी और लोगों को सुचारू रूप से पेयजल व्यवस्था मिल सकेगी।

ठेकेदार नवीन कुमार का कहना है कि रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है, अगस्त माह से कार्य शुरू हो चुका है। पाइप लाइन हटाने और रोड में आ रहे मकानों को हटाने का काम हमारा नहीं है, यह कार्य पीडब्ल्यूडी तथा जलदाय विभाग का है। रोड बल्लूपुरा से रामपुरा सड़क तक बनाई जाएगी, जिसकी लंबाई 3 किलोमीटर है।

**■ कुछ लोगों को पुरानी पाइप लाइन से दो-चार बाल्टी पानी की मिल जाती है, जिससे लोग पूर्ति कर रहे हैं**

ग्रामीण मुकेश शर्मा का कहना है कि पानी के टैंकर मंगवाकर प्यास बुझा रहे हैं, वहीं गरीब लोग पुरानी लाइन से एक दो बाल्टी पानी की भरकर काम चला रहे हैं। विभाग को चाहिए था कि रोड निर्माण से पहले पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करवाता जिससे आमजन इस गर्मी में पानी के लिए परेशान नहीं होता।

मनोज मीणा, नई कॉलोनी, ग्राम पंचायत बल्लूपुरा का कहना है कि पानी के अभाव में लोकसभा चुनावों का बहिष्कार किया था, उसके बावजूद भी पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। यही हाल पंचायत मुख्यालय का है जहां लोग पानी के लिए त्राहि–त्राहि कर रहे हैं।

# सांभर में चार साल से उलझा रहा पेयजल टंकी निर्माण का काम

## नगर पालिका से हटाकर अब सरकार ने पीएचईडी को सौंपा जिम्मा

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर में पीएचईडी की तरफ से चिन्हित किए गए हाईजोन क्षेत्रों में पेयजल के लिए करीब दो दशक से परेशान लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। निवर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान पुरानी कोतवाली परिसर में जलाशय बनाए जाने के लिए विभाग की तरफ से इसका जमीनी खाका तैयार कर सरकार के पास स्वीकृति हेतु भिजवाया गया था। नगरपालिका सांभर को इस काम के लिए कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया था लेकिन औपचारिकताओं को पूरा नहीं करने के कारण जलाशय निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका और योजना अधर में लटक गई। सरकार बदलने के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आला अफसरों ने स्थानीय अभियंताओं की तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर इस योजना को पुन: शुरू किए जाने हेतु वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति हेतु पत्रावली वर्तमान सरकार को भिजवाई थी। अब इस काम के लिए अमृत योजना में 5 करोड़ 98 लख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

**■ इस काम के लिए अमृत योजना में स्वीकृत हुए 5.98 करोड़ रुपये**

विभागीय सूत्रों ने बताया कि चुनाव आचार संहिता हटने के बाद ही तकनीकी स्वीकृति मिलते ही इस कार्य के लिए शीघ्र निविदा निकाली जाएगी। लोगों का कहना है कि पूर्व विधायक की ओर से इसके लिए ठोस प्रयास किए होते तो यह योजना कभी की सफल हो जाती और लोगों को परेशानी से नहीं जूझना पड़ता। जलाशय निर्माण के बाद यहां के वार्ड 19, 20, 21, 22 के करीब 2 हजार से अधिक लोगों को इस गर्मी के सीजन में राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आती है। अभी बीसलपुर बांध में पानी के लगातार हो रही कमी के कारण करीब 6 लाख लीटर पानी सांभर को कम मिल रहा है, यानी अभी 34 लाख लीटर पानी ही उपलब्ध हो रहा है।

इस मामले में कनिष्ठ अभियंता ओपी वर्मा ने बताया कि जिन मौहल्लों की पेयजल लाइन एक बार भी नहीं बदली गई है, या जो पाइप लाइन अंदर से जाम होने के कारण पेयजल सप्लाई में बाधा का प्रमुख कारण बना हुई है उसको बदलने की योजना पर भी अमल किया जाएगा। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की कमी से जूझ रहे इलाकों में विभाग की तरफ से टैंकर से पेयजल सप्लाई पहुंचाने के लिए भी कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# खारे पानी में सौंफ की खेती पर किए गए अनुसंधान से सकारात्मक परिणाम सामने आये

## कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में विगत तीन वर्ष से लवणीय जल (खारे पानी) में सौंफ की खेती पर रिसर्च किया गया

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर और इसके आसपास के जिले नागौर, चूरू समेत खारे पानी (लवणीय जल) वाले जिले सौंफ उत्पादन के हब बन सकते हैं। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में विगत तीन वर्ष से लवणीय जल (खारे पानी) में सौंफ की खेती पर किए जा रहे रिसर्च के परिणाम सकारात्मक आए हैं।

कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना "लवण ग्रस्त मृदाओं का प्रबंधन एवं खारे जल का कृषि में उपयोग" अंतर्गत ड्रिप सिंचाई पद्धति द्वारा लवणीय सिंचाई जल का सौंफ की विभिन्न किस्मों की वृद्धि एवं उपज पर अनुसंधान किया गया। जिसके परिणाम बेहद सकारात्मक आए हैं। इस अनुसंधान से ना केवल राज्य के मसाला उत्पादक किसानों को लाभ होगा बल्कि भविष्य में सौफ का क्षेत्रफल एवं उत्पादता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एवं केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रामेश्वर लाल मीणा ने प्रोजेक्ट का विजिट कर बताया कि तीन वर्ष के अनुसंधान से निष्कर्ष निकला है कि सौंफ की किस्म आरएफ 290 लवणीय जल (खारा पानी) सिंचाई में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। प्रति हैक्टेयर करीब 9 क्विंटल सौंफ का उत्पादन हुआ। लिहाजा लवणीय जल सिंचाई वाले जिलों यथा बीकानेर, नागौर, चूरू, बाड़मेर इत्यादि में एवं उन जिलों में भी जहां ट्यूबवैल से खेती की जाती है वहां सौंफ की खेती से अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है। कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एसआर यादव ने बताया कि बीकानेर जिले में किसान भाई मसाला फसलों की तरफ काफी आकर्षित हो रहे हैं।

**■ अब बीकानेर, नागौर, चूरू, बाड़मेर सहित अन्य खारे पानी वाले जिले बन सकते हैं सौंफ उत्पादन के हब**

ऐसे में कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के लवणीय जल में सौंफ की खेती को लेकर विगत तीन वर्ष के अनुसंधान से आए सकारात्मक परिणाम से जिले में सौंफ की खेती को एक विकल्प के रूप में लिया जा सकता है। प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने अनुंसधान के आधार पर बताया कि विद्युत चालकता (ईसी) 4 डेसी/मीटर तक के पानी को बूंद बूंद सिंचाई के जरिए उपयोग में लेकर सौंफ की किस्म आरएफ 290 के जरिए 9 क्विंटल प्रति हैक्टेयर का उत्पादन लिया जा सकता है।

विदित है कि देश में राजस्थान और गुजरात प्रमुख सौंफ उत्पादक राज्य है जो देश में सौंफ उत्पादन में करीब 96 फीसदी का योगदान देते हैं। राजस्थान में सबसे ज्यादा सौंफ नागौर जिले (करीब 10 हजार हेक्टयर) में होती है। इसके अलावा सिरोही, जोधपुर, जालौर,जैसलमेर भरतपुर, सवाई माधोपुर जैसलमेर और बीकानेर जिले में भी सौंफ की खेती की जाती है लेकिन खारे पानी में सौंफ की खेती पर किए गए अनुसंधान से आए सकारात्मक परिणामों ने बीकानेर और उसके आसपास के जिलों में बड़े पैमाने पर सौंफ उत्पादन की उम्मीद जगा दी है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### सोमवार 13 मई, 2024

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पुनर्वसु नक्षत्र दिन 11:24 तक, शूल योग प्रातः 7:41 तक, कौलव करण दिन 2:27 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–मीन, बुध–मेष, गुरू–वृष, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।


आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 11:24 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 11:24 से सूर्योदय तक है। रवियोग दिन 11:24 से आरम्भ होगा। आज चन्दन छठ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:24 तक, शुभ 9:04 से 10:43 तक, चर 2:03 से 3:43 तक, लाभ–अमृत 3:43 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:45, सूर्यास्त 7:01



**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।




**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।




**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**वृश्चिक**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे।




**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
विवादित मामालों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।



**मीन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 281 प्रभात जयपुर, सोमवार 13 मई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro


ARBiT



**Cuckoos Speak...** Like Dickinson, she used to write short poems on scraps of paper and then, just keep them in between her books. Recently, she had them published.

**A Fusion Delight Winning Hearts in India**

*Bubble Tea* and *K-Pop Burgers* represent more than just food trends. They're a celebration of cultural exchange, creativity, and culinary innovation.



*वर्ष 2000 में एक साल के एक प्लैटिपस को ''टैग'' किया गया था। गत वर्ष जब, तकरीबन 24 वर्ष का यह प्लैटिपस वापस पकड़ा गया तो वह जीवविज्ञानी (जिसने उसे टैग किया था) आश्चर्यचकित रह गया क्योंकि, प्राकृतिक आवास में मिलने वाला, यह प्लैटिपस अब तक का सबसे उम्रदराज प्लैटिपस है। ''ऑस्ट्रेलियन प्लैटिपस कंज़र्वैन्सी'' के निदेशक, ज्यॉफ विलियम्स, अंडे देने वाले स्तनपाईयों पर दशकों से शोध कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि, इन प्रजातियों पर दीर्घकालिक शोध महंगा और दुर्लभ हो सकता है। चौबीस वर्षीय इस नर प्लैटिपस की खोज के लिए, वर्ष 1994 में ''मैलबर्न वॉटर्स संस्था'' द्वारा शुरु किए गए एक कार्यक्रम को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। मैलबर्न क्षेत्र में सेंकड़ों प्लैटिपस को पकड़ कर टैग लगाया गया है, इसलिए उनका कुछ वर्ष बाद वापस से प्रकट होना कोई असामान्य बात नहीं है। तथापि, विलियम्स ने कहा कि, यह 24 वर्षीय प्लैटिपस, अपनी आयु के कारण, हमारी सभी की आशाओं से परे निकला है। उन्होंने कहा, यह उल्लेखनीय है कि, यह जानवर, इतने वर्षों के बाद भी स्वस्थ है। चौबीस वर्षीय यह नर प्लैटिपस, इन जीवों के आयुकाल को लेकर प्रकाशित एक अध्ययन का केन्द्र बिंदु है। इसे वर्ष 2000 में, मॉनबल्क क्रीक, मैलबर्न में पकड़ कर टैग किया गया था, जब यह लगभग एक वर्ष का था। गत वर्ष, सितम्बर में उसी नदी प्रणाली में, लगभग 24 वर्ष की आयु में इसे पुनः पकड़ा गया। इससे पूर्व का कीर्तिमान, एक 21 वर्षीय मादा प्लैटिपस के नाम था, जिसे, न्यू साउथ वेल्स के ऊपरी शोलहेवन नदी में पकड़ा गया था। विलियम्स ने कहा कि, अधिकतर प्लैटिपस, 20 वर्ष से अधिक नहीं जी पाते हैं, लेकिन, ये कितना लंबा जीते हैं, इसके बारे में, अभी कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई है। विलियम्स ने कहा कि, यह शोध करना बहुत महंगा और समय लेने वाला होता है, परिणाम स्वरुप बहुत अधिक दीर्घकालिक अध्ययन नहीं हुए हैं। सौभाग्य से, मैलबर्न वॉटर्स संस्था का यह कार्यक्रम, अपनी तरह का संभवतः, सबसे ज्यादा लंबा चलने वाला कार्यक्रम है। विलियम्स ने कहा कि, यद्यपि अभी और अधिक शोध की आवश्यकता है, लेकिन, प्लैटिपस की आयु मुख्यतः, जनसंख्या धनत्व तथा उनके प्राकृतिक निवास स्थान के अंदर प्रतिस्पर्धा पर निर्भर करती है।*

# पटना: मोदी के रोड शो में नीतीश कुमार भाजपा का चिन्ह कमल हाथ में पकड़े नज़र आये

## नीतीश ने कहा कि, मैं अब भाजपा को छोड़कर कहीं और जाने वाला नहीं

नई दिल्ली, 12 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी साथ रहे। खास बात यह है कि, मुख्यमंत्री नीतीश प्रधानमंत्री के साथ रथ में सवार होकर भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल को हाथ में पकड़े हुए नज़र आए। इस दौरान नीतीश की पार्टी जे.डी.यू. का चुनाव चिन्ह तीर-कमान नहीं नजर आए। प्रधानमंत्री ने पटना में रविवार शाम करीब 55 मिनट तक रोड शो किया, इस दौरान राजधानी की सड़कें भगवामय नजर आईं।

- **प्रधानमंत्री ने पटना में रविवार शाम करीब 55 मिनट तक रोड शो किया, इस दौरान पटना की सड़कें भगवामय नज़र आईं।**
- **गौरतलब है कि, नीतीश पर विपक्षी दल बार-बार पाला बदलने वाले नेता का आरोप लगा रहे हैं, बिहार में मुख्य विपक्षी दल आर.जे.डी. के नेता तेजस्वी यादव इस मामले में नीतीश कुमार को कई बार घेर चुके हैं। शायद अपनी इसी छवि को सुधारने के लिए नीतीश ने प्रधानमंत्री के साथ कमल का चिन्ह हाथ में थाम लिया।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की शुरुआत पटना के भट्टाचार्य मोड़ से हुई। प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री चौधरी और पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद भी मौजूद रहे। करीब 55 मिनट तक प्रधानमंत्री ने पीरमुहानी, बुद्ध मूर्ति, कदमकुआं होते हुए उद्योग भवन तक रोड शो किया। इस दौरान वे लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आए। भाजपा ने इस कार्यक्रम की जोर शोर से तैयारी की थी। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर प्रधानमंत्री मोदी के समर्थक और बीजेपी कार्यकर्ता जयश्री राम और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए नजर आए। प्रधानमंत्री मोदी पर लगातार फूलों की बारिश होती रही।

प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो के दौरान भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल पकड़ा। कुछ देर के लिए नीतीश भी कमल को अपने हाथ में थामकर लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आए। हालांकि, बाद में उन्होंने उसे नीचे रख दिया। अब इसे लेकर सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। रविवार को गोपालगंज में चुनावी रैली को दौरान नीतीश ने दोहराया कि, वे अब भाजपा का साथ छोड़कर कहीं नहीं जाने वाले हैं।

गौरतलब है कि, नीतीश पर विपक्षी दल बार-बार पाला बदलने वाले नेता का आरोप लगा रहे हैं, बिहार में मुख्य विपक्षी दल आर.जे.डी. के नेता तेजस्वी यादव इस मामले में नीतीश कुमार को कई बार घेर चुके हैं। शायद अपनी इसी छवि को सुधारने के लिए नीतीश ने प्रधानमंत्री के साथ कमल का चिन्ह थाम लिया साथ ही उन्होंने यह कहकर कि, "अब मैं भाजपा को छोड़कर कहीं नहीं जाने वाला।" उन्होंने उपरोक्त बात कहकर बार -बार पाला बदलने नेता की छवि को साफ करने का प्रयास किया। मोदी के रोड शो में जमकर भीड़ उमड़ी। मोदी के रोड शो के दौरान जमी भीड़ हर तरफ चर्चा का विषय बनी रही।

## चौथे चरण की वोटिंग आज

नई दिल्ली, 12 मई। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में आंध प्रदेश और ओडिशा विधानसभा के चुनावों के लिए भी मतदान कराए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में वोटिंग सामग्री और मतदान कराने वाली टीमों को हवाई मार्ग से भेजा गया है।

- **सोमवार को 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।**

मतदान सोमवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। तेलंगाना में 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विधानसभा सीटों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय शाम 7 बजे तक बढ़ाया गया है।

चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, 10 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17.7 करोड़ मतदाता हैं। ये 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डालकर 1717

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान समेत उत्तर भारत में 12 से 16 मई तक बारिश की संभावना

## भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि, राजस्थान में 12-16 मई, के दौरान गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है

नई दिल्ली, 12 मई (वार्ता) पूर्वी, मध्य, दक्षिण प्रायद्वीपीय और उत्तर पश्चिम भारत में अगले तीन से चार दिनों तक आंधी, तूफान और तेज़ हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में 16 मई से लू का एक नया दौर शुरू होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में व्यापक रूप से से छिटपुट हल्की बारिश होने का अनुमान है।

बारह मई को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश में और राजस्थान में 12-16 मई, के दौरान गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

आई.एम.डी. ने कहा कि अगले दो दिनों में उत्तर प्रदेश और दक्षिण राजस्थान के मैदानी इलाकों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है।

- **भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि, अगले दो दिनों में उत्तर प्रदेश और दक्षिण राजस्थान के मैदानी इलाकों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है।**
- **मौसम विभाग ने 16 मई के बाद पश्चिमी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दक्षिणी हरियाणा में तेज गर्मी के साथ लू चलने का अनुमान जताया है।**

विभाग ने कहा , "बारह मई को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गरज, बिजली और हवाओं के साथ व्यापक रूप से वर्षा होने का अनुमान है, और इसके बाद 13 और 14 मई को अलग-अलग गतिविधि के साथ इसमें कमी आएगी।"

विभाग ने कहा कि 12 और 13 मई को विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और गुजरात में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जयपुर एयरपोर्ट व देश के आठ अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, 12 मई। दिल्ली के 8 बड़े अस्पतालों और एयरपोर्ट से लेकर राजस्थान में जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। इन धमकियों ने सबको हिला कर रख दिया। दिल्ली फायर सर्विस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बम की यह धमकियां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी

- **बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत सतर्कता बरतते हुये जयपुर एयरपोर्ट सहित दिल्ली के आठ अस्पतालों में सघन जांच अभियान चलाया।**

अस्पताल और बाहरी दिल्ली में संजय गांधी अस्पताल को मिलीं। इसके अलावा दिल्ली के डी.डी.यू. , गुरु तेग बहादुर अस्पताल और दादरी इलाके में स्थित दादा देव हॉस्पिटल को भी बम से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मेरी सभी शिकायतों की चुनाव आयोग ने भारी अनदेखी की है'

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, चुनाव आयोग भाजपा नेताओं के साम्प्रदायिक एवं जातिवादी बयानों पर कार्रवाई करने में जरा भी तत्परता नहीं दिखा रहा है

नई दिल्ली, 12 मई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, यह आश्चर्य की बात है कि निर्वाचन आयोग ने उनके शिकायतों की अनदेखी की है। खड़गे ने कहा कि आयोग ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं को लिखे गए एक पत्र का जवाब देने का तो फैसला किया, लेकिन उनके द्वारा सीधे आयोग में की गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित एक पत्र में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा दिए जा रहे घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों से निपटने में कोई तत्परता नहीं दिखा रहा है और यह हैरान करने वाला है।

- **खड़गे ने पहले दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में निर्वाचन आयोग की देरी पर चिंता जाहिर की। खड़गे ने कहा कि, ई.वी.एम. से पोलिंग के आंकड़े जारी होने में इतनी देरी क्यों हो रही है। चुनाव आयोग मतदान के अगले दिन आंकड़े जारी कर रहा है, यह बात संदेहास्पद है।**

पहले दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में निर्वाचन आयोग की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए खड़गे द्वारा इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस के नेताओं को लिखे गए पत्र के जवाब में, आयोग ने शुक्रवार को इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में पूर्वाग्रहपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया था। खड़गे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह स्पष्ट रूप से गठबंधन सहयोगियों को संबोधित एक खुला पत्र था, न कि आयोग को। खड़गे ने शनिवार को निर्वाचन आयोग के भेजे अपने पत्र में कहा, "आश्चर्य की बात है कि भारत निर्वाचन आयोग इस पत्र का जवाब देना चाहता था, जबकि सीधे तौर पर दी गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। पत्र की भाषा को लेकर मेरे मन में कुछ शंकाएं हैं, लेकिन मैं उस मुद्दे पर जोर नहीं दूंगा, क्योंकि मैं समझता हूं कि वे किस दबाव में काम कर रहे हैं।"

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का पत्र एक तरफ कहता है कि आयोग नागरिकों के सवाल पूछने के अधिकार का सम्मान करता है और दूसरी तरफ, नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह के रूप में धमकाता है। खड़गे ने कहा, "मुझे खुशी है कि आयोग समझता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस गहलोत के पुत्र मोह के कारण मारवाड़ की सभी चार सीटें हारेगी?

## पूर्व मु.मंत्री गहलोत ने सारा फोकस जालोर-सिरोही पर रखा, जहां से उनके पुत्र वैभव चुनाव लड़ रहे है

जालोर, 12 मई (कासं)। लोकसभा चुनाव में मारवाड़ क्षेत्र की चारों सीटों पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र मोह के कारण कांग्रेस कमज़ोर स्थिति में नज़र आ रही है। मारवाड़ क्षेत्र की जोधपुर, पाली, जालोर - सिरोही व बाड़मेर - जैसलमेर सीट में से गहलोत के पुत्र वैभव जालोर - सिरोही सीट से प्रत्याशी हैं और गहलोत का पूरा फोकस अपने पुत्र के चुनाव पर ही रहा। उन्होंने सारी ताकत यहीं लगा दी और बाकी तीन सीटों पर कोई ध्यान नहीं दिया। मारवाड़ में कांग्रेस खाता भी खोलती नज़र नहीं आ रही है।

अशोक गहलोत ने अपनी राजनीति के अंतिम पड़ाव में अपने पुत्र वैभव का राजनीति करियर बनाने के लिए प्रदेश की सभी पच्चीस सीटों पर कांग्रेस की साख ही दांव पर लगा दी। जालोर - सिरोही सीट पर अपने पुत्र को टिकट दिलाने के बाद से वे सिर्फ पुत्र के लिए चुनावी बिसात बिछाने में लगे हैं। शेष सीटों में अधिकतर पर उन्होंने एक सभा तक नहीं की। जालोर -सिरोही में उन्होंने वैभव के लिए अपने सभी करीबी मंत्रियों व नेताओं को तैनात कर दिया। लेकिन फिर भी वे जालोर -सिरोही सीट से अपने पुत्र को जीत नही दिला पाएंगे, वैसे भी यह सीट भाजपा की गढ़ रही है।

गहलोत ने पाली लोकसभा क्षेत्र से अपनी नज़दीकी, जोधपुर निवासी व राज्य महिला व बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष रही संगीता बेनीवाल को टिकट दिलवाया, संगीता एक तो पैराशूट प्रत्याशी हैं दूसरे वे ज्यादा सक्रिय भी नहीं हैं, इसलिए पाली में भाजपा प्रत्याशी पी.पी. चौधरी की जीत लगभग पक्की मानी जा रही है और फिर पाली लोकसभा क्षेत्र में कुछ विधानसभा सीटें जोधपुर की है पर वहां भी गहलोत ने प्रचार नहीं किया। पाली में कांग्रेस द्वारा कोई बड़ी रैली व सभा भी नही की गई, जबकि भाजपा ने अमितशाह की सभा कर भाजपा के पक्ष में माहौल करने का प्रयास किया। पाली से पी.पी. चौधरी तीसरी बार जीत दर्ज कर सकते है।

- **जालोर-सिरोही के अलावा अन्य किसी सीट में गहलोत प्रचार करने नहीं गए यही नहीं बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर तो उन्होंने कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी की भारी खिलाफत भी की।**
- **गहलोत ने अपने गृह क्षेत्र जोधपुर में भी कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह की मदद नहीं की, क्योंकि करण सिंह पायलट खेमे के हैं। गहलोत नहीं चाहते कि, जोधपुर, जहां से गत चुनाव में वैभव हारे, कोई अन्य कांग्रेसी जीते, वो भी पायलट खेमे का।**
- **चर्चा है कि, तमाम कोशिशों के बाद भी वे जालोर-सिरोही से अपने बेटे को जीत नहीं दिला पाएंगे, क्योंकि यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है।**

बाड़मेर - जैसलमेर सीट पर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की नज़रें लगी हुई है। शिव विधायक रविन्द्रसिंह भाटी भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के लिए शुरू से सिर दर्द बने रहे। कांग्रेस ने हालांकि हनुमान बेनीवाल की पार्टी आर.एल.पी. से गठबंधन कर सीट को निकालने का पूरा प्रयास किया। बाड़मेर लोकसभा सीट जाट, राजपूत व मुस्लिम बहुल है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी का अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में विकास नही करवाने से उनका विरोध देखा गया। वही भाजपा व कांग्रेस दोनों ने एक जाति से प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा है। शिव विधायक रवीन्द्र सिंह भाटी की मौजूदगी ने मुकाबला तिकोना

**सामान्य तौर पर किसी चुनाव में मतदान के बाद, कौन जीतेगा, कौन हारेगा का आकलन लगाना बंद हो जाता है, क्योंकि ऐसा मान लिया जाता है कि, उम्मीदवारों का भविष्य तो ई.वी.एम. मशीनों में बंद हो गया, किसी तरह की आकलनबाजी व्यर्थ है, तथा समय की बर्बादी ही है। पर, हमारे संवाददातों का कहना है कि, चुनाव को समझने का, हार-जीत की संभावनाओं, वोटिंग के ट्रेंड के बारे में चर्चा करने का यही समय है। क्योंकि, पार्टियों के कार्यकर्ता भी पोलिंग बूथ में अपनी ड्यूटी पूरी करके ''रिलैक्स्ड'' मूड में आ गये होते हैं, तथा अब कुछ गहरायी से, कुछ शांति से, उन्होंने पोलिंग स्टेशन पर जो देखा व महसूस किया, वो बताने को तैयार हैं। लगभग ऐसी ही स्थिति पार्टियों के नेता, उम्मीदवारों के समर्थकों की होती है। मतदान के पूर्व वह शुभ-शुभ के अलावा कुछ बोलना नहीं चाहते थे, क्योंकि उनके कुछ कहने से, उनके शब्दों व वाक्यों को तोड़-मोड़ कर पेश करके कुछ-कुछ वोट काटे जा सकते थे। पर, जब मतदान ही हो गया तो वोट को हानि पहुंचाने की यह संभावना भी खत्म हो गयी है। अतः अब ये लोग भी अपना सही आकलन देने में नहीं हिचकिचाते।**

**अतः अब इन लोगों से बात करके हमारे संवाददाता सीट के बारे में अपना आकलन पुनः गहरायी से पेश करना चाह रहे हैं। उसी श्रृंखला में आज पहली कड़ी हम प्रस्तुत कर रहे हैं।**

बना दिया। कांग्रेस के नेता शिव के पूर्व विधायक अमीन खान ने तो मतदान के दो दिन पूर्व एक साक्षात्कार में मुस्लिम समाज को साफ मैसेज दिया कि जाट, के बजाय मुस्लिम को राजपूत का साथ देना चाहिए। उनका इशारा निर्दलीय भाटी की तरफ था। समझा जाता है कि ऐसा उन्होंने गहलोत के इशारे पर कहा।

असल में गहलोत कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल को हराने के लिए पूरे प्रयासरत नज़र आये। उन्होंने उम्मेदाराम के पक्ष में कोई प्रचार नहीं किया। असल में उम्मेदाराम बेनीवाल, हनुमान बेनीवाल की पार्टी, आर.एल.पी. से कांग्रेस में आए थे। हनुमान बेनीवाल उम्मेदाराम के खिलाफ थे तो गहलोत कैसे उम्मेदाराम का साथ दे देते। वे हनुमान बेनीवाल को खुश करने में लगे रहे। हनुमान बेनीवाल की पार्टी से गठबंधन करवाकर उन्हें नागौर सीट तक दे दी यह सब उन्होंने अपने पुत्र वैभव को जिताने के लिए किया।

जोधपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने सचिन पायलट समर्थक करणसिंह उचियारडा को टिकट दिया जो गहलोत को नागवर गुजरा, हालांकि जोधपुर गहलोत का गृह क्षेत्र है पर उन्होंने यहां कांग्रेस के पक्ष में प्रचार की कोई कोशिश नहीं की। भाजपा के गजेन्द्र सिंह शेखावत का इस बार शुरुआत में विरोध था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नाम, योगी की सभा ने उन्हें काफी मजबूती दी है। करणसिंह ने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन यदि गहलोत इस सीट के लिए दिलो जान से प्रयास करते तो शायद यह सीट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रिहायशी कॉलोनी में दो प्लॉट्स की 460 गज भूमि पर बना दिया होटल 'कोर्ट शेखा होम स्टे'

## झोटवाड़ा की प्रेम नगर द्वितीय कॉलोनी का मामला, शिकायत के बावजूद ग्रेटर निगम होटल मालिक पर मेहरबान

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । झोटवाड़ा की प्रेम नगर द्वितीय रिहायशी कॉलोनी में दो आवासीय भूखंड़ों बी-49 व बी-50 की करीब 460 वर्गगज जमीन को आपस में जोड़कर अवैध होटल "कोर्ट शेखा होम स्टे" बना दिया गया। गत 30 अप्रैल को शिवाजी गोदारा कॉलोनी विकास समिति ने इसकी शिकायत भी ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ को कर दी, लेकिन विद्याधर नगर जोन के अधिकारी मौका निरीक्षण के बावजूद मामला दबा गए।

मजेदार बात यह है कि इसी आवासीय कॉलोनी प्रेम नगर में बी-51 की करीब 192.30 वर्गमीटर जमीन पर राजस्थान रोडवेज से सेवानिवृत सुधीर भाटी ने अपना मकान बनाना शुरू किया तो ग्रेटर नगर निगम के विद्याधर नगर जोन ने तुरंत काम रूकवा दिया, जबकि भाटी ने मकान निर्माण से पूर्व ग्रेटर निगम प्रशासन से बाकायदा निर्माण स्वीकृति भी ली थी। भाटी का कहना है कि आवासीय प्लॉट बी-49-50 पर होटल बनाने वाले विक्रम सिंह और रेणु के द्वारा बार-बार उनके मकान निर्माण में बाधा डालने के लिए ग्रेटर नगर निगम में शिकायतें की जाती है, जिसकी आड़ लेकर विद्याधर नगर जोन की बिल्डिंग शाखा के लोग आकर उनका काम बंद करवा देते है। भाटी का कहना है कि आवासीय प्लॉट बी-49 व बी-50 पर बना हुआ होटल "कोर्ट शेखा होम स्टे" पूरी तरह से अवैध है। इस कॉलोनी के जे.डी.ए. अप्रूव्ड नक्शे में दोनों भूखंड़ आज भी अलग-अलग दर्शाए गए हैं। ना तो भूखंड़ मालिक ने दोनों प्लॉट्स का एकीकरण करवाया और अब पूरी कॉलोनी का माहौल खराब कर रखा है। प्रेम नगर रिहायशी कॉलोनी है, इसमें होटल संचालित होने से पूरी कॉलोनी परेशान है, गत 30 अप्रैल को शिवाजी गोदारा कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष विजय कौडा और महासचिव देवेन्द्र सिंह शेखावत ने ग्रेटर निगम आयुक्त को लिखित में शिकायत देकर आवासीय कॉलोनी में संचालित हो रहे इस होटल पर कार्रवाई करने की मांग उठाई। भाटी का कहना है कि मैंने खुद आयुक्त रूकमणि रियाड और विद्याधर नगर जोन उपायुक्त ओम थानवी से मिलकर इसकी शिकायत की, लेकिन ताज्जुब है कि मौका निरीक्षण करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी होटल मालिक पर मेहरबानी दिखाने में जुटे हैं।


झोटवाड़ा स्थित रिहायशी कॉलोनी प्रेम नगर में संचालित होटल।

- स्थानीय विकास समिति ने ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ को इस संबंध में करीब 10 दिन पहले लिखित में शिकायत दी थी, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई
- जबकि इसी कॉलोनी में प्लॉट नंबर बी-51 निवासी रोडवेज विभाग से सेवानिवृत सुधीर भाटी ने ग्रेटर निगम से निर्माण स्वीकृति लेकर मकान बनाना शुरू किया तो विद्याधर नगर जोन उपायुक्त ने उनका काम बंद करवा दिया

# अवैध कॉम्पलेक्स बनाने वाले को नोटिस थमाया, कार्रवाई करना भूले

**जयपुर** । ग्रेटर निगम के विद्याधर नगर जोन की बिल्डिंग शाखा की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी इसलिए भी है, क्योंकि आज तक जिस-जिस अवैध निर्माण पर इन्होंने नोटिस थमाया, उनमें से अधिकांश पर तोड़फोड़ अथवा सीजर की कार्यवाही नहीं हुई।

उपायुक्त ओम थानवी ने गत 29 अप्रैल को झोटवाड़ा मुख्य रोड पर रघुनाथपुरी में भूखंड़ संख्या ए-01 और ए 02 की करीब 400 वर्गगज जमीन पर अवैध कॉम्पलेक्स बनाने वाले को नोटिस तो थमाया था, लेकिन करीब 13 दिन बीतने के बावजूद आज तक कार्यवाही नहीं की। दरअसल दो भूखंड़ों की 200-200 वर्गगज जमीन को जोड़कर इस पर अवैध कॉम्पलेक्स के.के. मॉल बनाया गया था, बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर की बिल्डिंग तैयार होकर इसकी दुकानें किराये पर संचालित हो चुकी थी, लेकिन विद्याधर नगर जोन प्रशासन ने यहां कभी कार्रवाई नहीं की।

पिछले दिनों जब इस मॉल की दूसरी और तीसरी मंजिल के लिए शटरिंग की गई तो उसमें से लकड़ी का फंटा नीचे खड़े दुकानदार त्रिलोकचंद के सिर पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद नींद से जागे ग्रेटर निगम प्रशासन ने आनन-फानन में भूखंड़ मालिक मोहम्मद ईशाक को नोटिस थमाकर जमीन के स्वामित्व और निर्माण स्वीकृति संबंधी दस्तावेज 3 दिन में पेश करने को कहा है। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि अगर तय समय में भूखंड़ मालिक ने दोनों कागजात पेश नहीं किए तो अवैध निर्माण को ध्वस्त अथवा सीज करने जैसी कार्रवाई भी की जायेगी। निगम द्वारा नोटिस जारी करने के 13-14 दिन बाद भी आज तक इस अवैध कॉम्पलेक्स पर कार्रवाई नहीं हुई। जोन उपायुक्त ओम थानवी का कहना है कि कॉम्पलेक्स निर्माता ने नोटिस का जवाब भेजा है, उसका परीक्षण किया जा रहा है।

- झोटवाड़ा मुख्य रोड पर रघुनाथपुरी में के.के.मॉल में दूसरी-तीसरी मंजिल निर्माण की शटरिंग का फंटा नीचे सिर पर गिरने से हुई थी बुजुर्ग दुकानदार की मौत
- इसके बाद विद्याधर नगर उपायुक्त ने कॉम्पलेक्स निर्माता को नोटिस थमाकर निर्माण स्वीकृति और भूखंड़ के दस्तावेज मांगे थे
- उपायुक्त ओम थानवी का कहना है कि कॉम्पलेक्स मालिक ने नोटिस का जवाब भेजा है, उसका परीक्षण करवा रहे हैं।

# मुहाना मंडी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ठप हो रहा व्यापार : तंवर

## व्यापारियों ने बैठक में शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, सी.सी.टी.वी. कैमरों से निगरानी और खराब रोड लाइट्स बदलने की मांग उठाई

**जयपुर** । मुहाना मंडी के ओम तंवर सब्ज़ी ब्लॉक में रविवार को व्यापारियों ने बैठक कर यहां मौजूद अव्यवस्थाओं और समस्याओं पर चर्चा की।

जयपुर फल व सब्ज़ी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तवंर ने बताया कि पिछले कई महीनों से मंडी में अव्यवस्थाएं फैली हुई है। मंडी प्रशासन को मंडी के विकास पर ध्यान देना चाहिए। मुहाना मंडी में अव्यवस्थाओं के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है, हज़ारों की तादाद मे मुहाना मंडी में किसान, मजदूर व आम जन प्रतिदिन आते है। ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है, लेकिन मंडी परिसर में वाटर कूलर खराब अथवा बंद पड़े है। ऐसे में मंडी प्रशासन को यहां पर शीतल पेयजल की व्यवस्था करवानी चाहिए। मंडी परिसर में आये दिन चोरी और ठगी की वारदातें बढ़ रही है, हमारी मांग है कि मंडी में जगह-जगह सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाएं, जो पुराने कैमरे खराब पड़े हैं, उन्हें भी सुचारू किया जाये। इसके अलावा मंडी परिसर मे नवीन सड़कों का निर्माण हो, ताकि यहां आने वाले लोगों को दिक्कतें नहीं हो। मंडी परिसर मे बने सभी शौचालयों को पुनः दुरुस्त करवाकर इनकी नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। मंडी परिसर में यातायात व्यवस्था बाधित ना हो, इसकी समुचित व्यवस्था भी होनी चाहिए। मंडी परिसर में बंद पड़ी लाइटों को बदलना चाहिए। बैठक में देवेन्द्र जैन, सत्यनारायण सैनी, इमरान क़ुरैशी, मनोज सलूजा, सुरेश जैन, बाबू लाल गुप्ता, सुनील गोयल, राजेश सैनी, विक्की मावर, सुरेंद्र सैनी और सतीश रावत समेत कई लोग मौजूद थे।



मुहाना मंडी स्थित ओम तंवर सब्ज़ी ब्लॉक में रविवार को आयोजित बैठक में अध्यक्ष राहुल तंवर ने व्यापारियों को संबोधित किया।

# 200 किलो पनीर नष्ट कराया, ग्रेवी -मिठाई के सैम्पल लिए

**जयपुर** । खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए गलता थाना के अधीन गोवर्धनपुरी स्थित डी-449 में पनीर के थोक विक्रेता अभिषेक के गोदाम पर छापामार कार्यवाही की। यहाँ ईको गाड़ी में 200 किलो पनीर मौजूद था। साथ ही पनीर के सैंपल लिए, जोकि मानक अनुरूप नहीं पाए जाने पर हाथो-हाथ समस्त 200 किलो पनीर नष्ट करवाया गया और कारोबारकर्ता अभिषेक एवं कर्मचारी बलबीर को पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने ईको गाड़ी को भी जब्त कर लिया।

यह फर्म बिना एफएसएसए लाइसेंस के कार्य कर रही थी। इसके यहां पूर्व में भी कार्यवाही की गई थी। कार्यवाही में जब्त 47160 रु पुलिस को जमा करवाए गए। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत मौके पर उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा दल में नरेश कुमार, नरेंद्र शर्मा एवं पवन गुप्ता शामिल थे। इसी क्रम में प्राप्त शिकायत के आधार पर रविवार को रेलवे स्टेशन स्थित खंडेलवाल ढाबे पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में गंभीर अनियमितता पाई गई। साफ सफाई बिल्कुल भी नहीं थी। जगह-जगह गंदगी फैली हुई थी। ढाबे के मालिक को नोटिस दिया गया। यहाँ पनीर की गुणवत्ता भी मानक अनुकूल नहीं थी। पनीर का सैंपल लिया गया और शेष पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया गया इसी तरह उनका काम मिला उनके द्वारा काम में ले जाने वाली ग्रेवी व तेल का भी सैंपल लिया गया इसके बाद पास स्थित रूप बसंत का भोजनालय का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही साफ सफाई रखने व शुद्ध सामग्री उपलब्ध करवाने की हिदायत दी गई। यहां से उनके द्वारा काम में लिए जा रहे आटे एवं सब्जी के दो नमूने लिए गए। वही पास ही मैसर्स सरस्वती मिष्ठान भंडार का निरीक्षण तो गंदगी मिली।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए अंशु गर्ग सम्मानित




**जयपुर** । अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर राज्य स्तर पर राजस्थान नर्सिंग कौंसिल रजिस्ट्रार भारती द्वारा आयोजित समारोह में नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए एसएमएस हॉस्पिटल की सीनियर नर्सिंग ऑफिसर अंशु गर्ग को सम्मानित किया गया। नर्सेज नेता मनोज दुब्बी और राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि यह सम्मान नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवाओं में अपनी जान की परवाह न करते हुए करोना जैसी महामारी में मरीजों की सेवा करने, कोविड टीकाकरण अभियान और वार्ड में अच्छा मैनेजमेंट किये जाने पर अंशु गर्ग को सम्मानित किया गया। नर्सेज नेता मनोज दुब्बी ने बताया कि इस मौके पर जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर, राकेश शर्मा, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की रजिस्ट्रार भारती सहित कई नर्सेज मौजूद रहे।

# सोमसिंह मीणा का सम्मान




**जयपुर** । राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर रविवार को आयोजित समारोह में नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट व बहुमूल्य सेवाओं के लिए एसएमएस अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर सोम सिंह मीना को फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ रवि प्रकाश, निदेशक (अराजपत्रित) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राकेश शर्मा, डॉ संजय सक्सेना संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं भारती रजिस्ट्रार राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के द्वारा राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। सोमसिंह मीणा नर्सिंग ऑफिसर 10 वर्षो से सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में कार्यरत है। ट्रॉमा व अस्थि रोग संस्थान में भी उत्कृष्ठ कार्य के लिए पूर्व में निदेशालय स्तर पर सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर से राज्य स्तर पर फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से 63 नर्सेज को सम्मानित किया गया।

# एयरपोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली

## ई-मेल में लिखा था "एयरपोर्ट की बिल्डिंग में बम लगा दिया, लोगों की जान बचा लो"

**जयपुर** । जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उडाने की धमकी मिली है। जयपुर के सहित 9 एयरपोर्ट भवन में बम रखा होने की धमकी दी गई है। धमकी देने का तरीका भी वही पुराना। एयरपोर्ट प्रशासन के ऑफिशियल ईमेल आईडी पर रविवार को ईमेल आया है। इस ईमेल में एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी दी गई थी।

इस धमकी के बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा बढा दी गई। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के चप्पे चप्पे की तलाशी ली। पिछले महिने में जयपुर एयरपोर्ट को तीन दिन में दो बार धमकी भरे मेल मिले थे। हालांकि जांच में एयरपोर्ट पर कुछ नहीं मिला। हालांकि एक मामले में एयरपोर्ट पुलिस ने आरोपी को पकड़ा था। थानाधिकारी मोती लाल ने बताया कि यह मेल दोपहर करीब 3.03 बजे आया है। इसमें जयपुर, लखनउ, जम्मू, पटना, अगरतला, औरंगाबाद, बड़ोदरा और भोपाल सहित एक अन्य एयरपोर्ट पर बम प्लांट करने की बात कहीं गई है। जयपुर एयरपोर्ट पर जांच में फिलहाल कुछ नहीं मिला है। इससे पहले भी 26 अप्रेल व उससे पहले कई बार जयपुर एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी मिल चुकी है। 26 अप्रेल को मिले धमकी भरे मेल के मामले में आंध्रप्रदेश से एक युवक को अरेस्ट किया तो वहीं इससे पहले मिले मेल के मामले में बैंगलोर से एक बदमाश को अरेस्ट किया गया था।

# मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग 'ओ.डी.के.एप' से

**जयपुर** । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण नवाचार किया है। इसके तहत अब मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग विभाग द्वारा ओडीके एप से की जाएगी। इस नवाचार से प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों की स्थिति की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी और बचाव एवं रोकथाम के लिए त्वरित रूप से कारगर कदम उठाए जा सकेंगे। ओडीके एप का मुख्य उद्देश्य हाउस इण्डेक्स, ब्रटू इण्डेक्स एवं कंटेनर इण्डेक्स को कम कर मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के केसों में कमी लाना है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में मच्छरजनित मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग के लिए एक नवाचार किया गया है। उन्होंने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया की तीव्रता प्राय: वर्षा ऋतु के प्रारम्भ जुलाई-अगस्त से लेकर अक्टूबर-नवम्बर तक रहती है। विगत वर्षों में लाइफ स्टाइल एवं मौसम परिवर्तन के चलते मौसमी बीमारियों का प्रसार बढ़ने लगा है। भारत सरकार ने इस वर्ष डेंगू रोग के अधिक प्रसार की आशंका व्यक्त की है। इसे देखते हुए विभाग सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित कर रहा है। सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मौसमी बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागीय एवं अन्तर्विभागीय गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# गृह राज्य मंत्री ने किया निरीक्षण

**जयपुर** । गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने अपने आवास पर जीकेप के बनने वाले संस्थागत भवन पर मुख्य संरक्षक गौरव बजाड़ और प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तंवर से डिज़ाइन इंजीनियर के साथ विस्तार से चर्चा कर प्रोजेक्ट की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अब तक जीकेप द्वारा किये गए कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की। साथ ही मंत्री ने प्रोजेक्ट को और बहुउपयोगी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने आर-3, मेट्रो एन्क्लेव, बी-2 बाईपास पहुंचकर आवंटित भूमि का निरीक्षण भी किया। मंत्री ने प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

# नर्सेज दिवस पर कैंसर रोगियों को फल बांटे



**जयपुर** । अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर रविवार को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की ओर से राजधानी जयपुर में नर्सेज की अंतराष्ट्रीय थीम ऑवर नर्सेज ऑवर फ्यूचर, द इकोनॉमिक पॉवर ऑफ केयर का पोस्टर विमोचन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (राजपत्रित) निदेशक राकेश शर्मा ने किया। वहीं एसोसिएशन द्वारा एस एम एस हॉस्पिटल में कैंसर रोगियों को फल वितरण किए गए। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी, प्रदेश संयोजक डॉ शशिकांत शर्मा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में नर्सेज इस दिन को सेवा दिवस के रूप में मना रहे है। इसी को मध्यनजर रखते हुए आज एसोसिएशन द्वारा एस एम एस हॉस्पिटल में कैंसर रोगियों को फल वितरण किए गए। इस अवसर पर जे पी कस्वा, जयपुर जिलाध्यक्ष महिपाल सामोता, गिरवर गुप्ता, पूनम चौधरी, संजय, प्रदीप कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बेजुबान पक्षियों के परिंडे वितरित




**जयपुर** । राजस्थान जनमंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय की ओर से राजधानी जयपुर में घर-घर परिंडा लगाने का अभियान शुरू किया गया। चंद्रा इंडस्ट्रीज के सहयोग से रविवार को जवाहर नगर स्थित शांति पथ, टूटी पर परिंडा महोत्सव का आयोजन किया गया। परिंडा महोत्सव की मुख्य अतिथि जसपाल कौर और अध्यक्षता अभय कुमार नाहर ने की। राजस्थान जनमंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के महासचिव कमल लोचन ने बताया कि इस अवसर पर भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे वितरण और लगाने के साथ रोज पानी से परिंडो को भरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम संयोजक रवि खत्री ने बताया कि समारोह में बेजुबान पक्षियों के पीने के पानी के लिए करीब 250 निशुल्क परिंडों का वितरण किया गया। परिंडा अभियान के प्रमुख प्रमोद चौरडिया, कार्यक्रम संयोजक रवि खत्री, स्वागत उद्बोधन डॉ मोनिका खत्री एवं चंद्र मोहन खत्री, धन्यवाद डॉक्टर एके ऋषि ने दिया। कार्यक्रम के सदस्य राजेंद्र खत्री,श्याम खत्री, सूरज खत्री नानकराम, नारू ,तरुण अरोड़ा, निहित रस्तोगी, वीरेंद्र मेहता, बैराठी, रितु लोचन, सौम्यता लोचन, सुनील खोड़ा, दर्शना शर्मा, सरदार दर्शन सिंह रुक्मणी, रामप्यारी आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### अभिलाषा वुमेन सोसाइटी ने परिंडे बांधे



**जयपुर** । अभिलाषा वुमेन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मातृ दिवस के उपलक्ष में स्थानीय पार्क में पक्षियों के लिए परिंडे बांधें गए। इसके अलावा सी-स्कीम में राहगीरों के लिए प्याऊ लगाई गई। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ रमा माथुर ने बताया की भीषण गर्मी में राहगीरों और पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सोसाइटी की ओर से पक्षियों के लिए परिंडे बाँटने का कार्य हर वर्ष किया जाता है। इस अवसर पर सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी डॉ अंटू सक्सेना, कल्पना, विजयलक्ष्मी, जया कल्ला, अनुराधा, भारती, संगीता, कृष्णा, अलका मौजूद थे।

### श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव आज



**जयपुर** । श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 13 मई को जयपुर के प्रताप नगर स्थित आश्रम में आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान परिवार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम श्रंखला के अनुसार सांय 5 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सांय 6 बजे से सभी के बेहतर स्वास्थ्य हेतु आयुष होमा का अयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात् सांय 7 बजे से आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध सत्संग संध्या के बाद भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा । गौरतलब है कि जयपुर के सभी आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर्स पर 7 से 12 मई तक विशेष हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हैप्पीनेस प्रतिभागियों के लिए 13 मई को श्री श्री रविशंकर जी द्वारा ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रताप नगर आश्रम में प्रसिद्ध एडवांस मेडिटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

### गिरिराज खंडेलवाल अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर** । प्रदेश में खेल जगत की अति प्रतिष्ठित संस्था जयपुर जिला ओलंपिक संघ के गिरिराज खंडेलवाल अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जयपुर डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन (जेडीओए) के नाम से लोकप्रिय इस संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर वयोवृद्ध खेल प्रशासक राजेन्द्र के. शेखर तथा महासचिव पद पर जगदीश ढाका चुने गये हैं। उपाध्यक्ष पद पर इन्द्रप्रकाश टिक्कीवाल और मितरानंद पूनिया निर्वाचित हुए है। रविवार, 12 मई को अजमेर रोड के होटल रीगल में सम्पन्न जेडीओए के चुनाव निर्वाचन अधिकारी एवं सेवानिवृत्त आरएएस माताराम रिणवा के देखरेख में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के बतौर अरूण सारस्वत उपस्थित रहे। जेडीओए के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सिंह बरार, संयुक्त सचिव के रूप में भंवर राजवीर सिंह, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सुमित जैन तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लक्ष्मण सिंह और प्रदीप चौधरी निर्वाचित हुए।

### बाबा उमाकांत महाराज का सत्संग



**जयपुर** । आमेर की पीली तलाई स्थित गोविंद स्टेडियम में आयोजित सत्संग में उज्जैन वाले बाबा उमाकांत महाराज ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुरु कोई हाड मांस वाले शरीर का नाम नहीं होता, गुरु एक शक्ति (पावर) होती है। गुरु का पावर अंतर में मालूम पड़ता है। रानी इंदुमती कबीर साहब की शिष्या थी उसने कबीर साहब से नामदान लेकर अन्तर में गुरू भक्ती की और उनकी तीसरी आंख खुली तब उसने अपने गुरु के जलवा को अंदर देखा तो कहा कि आप ही सब कुछ हो मेरे भगवान हो। ज्ञात रहे कि बाबा जयगुरुदेव का जीव जीवन रक्षक वार्षिक भण्डारा कार्यक्रम 2,3,4 जून को उज्जैन में होगा। इस अवसर पर तीनों दिन दोनों समय सतसंग होगा तथा पांच नाम-दान में मिलेगा।

### मेटल स्कल्पचर इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू



**जयपुर** । राजधानी जयपुर के आकेड़ा डूंगर स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में शिल्पांजलि आर्ट फांउडेशन के सौजन्य में धातु की मूर्तियों पर सात दिवसीय मेटल स्कल्पचर इंटर्नशिप प्रोग्राम का आगाज हुआ। इस प्रोग्राम का उदघाटन विश्व प्रसिद्ध आर्टिस्ट हिम्मत शाह व राजकुमार पंडित ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम संयोजक शिल्पा पंडित ने बताया कि 12 से 18 मई तक आयोजित इस इंटर्नशिप प्रोग्राम में पहली बार देश के प्रसिद्ध आर्ट कॉलेज के पीजी स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें कला भवन, शांति निकेतन से जोआना नोगबरी मेघालय, गजल गुप्ता, आईआईएस यूनिवर्सिटी, जयपुर, नागेश कानडे, दा महाराजा सयाजी राव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा, अंकित सोमवंशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अमित कुमार, कॉलेज ऑफ आर्ट, दिल्ली अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे। इनके द्वारा तैयार किए गए डेमो को मेटल (धातु) में बनाकर यहां रखा जाएगा। इसका उद्देश्य देश-विदेश में आर्ट एंड कल्चर से जुड़े स्टूडेंट्स को मोटिवेट करना है। साथ ही स्टूडेंटस को निःशुल्क प्रशिक्षित करके उन्हें इस कला में पारंगत करना मुख्य ध्येय है। वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी के संस्थापक राजकुमार पंडित ने बताया कि देश में संचालित आर्ट कॉलेज के करीब 150 यूजी/ पीजी व पीएचडी स्कॉलर के स्टूडेंट्स में से पांच जनों का चयन किया गया है।



## International Hummus Day

Hummus is an Eastern Mediterranean and Egyptian food. It may come in the form of a dip or a spread, that is made from cooked, mashed chickpeas or other beans, and then blended with tahini, olive oil, lemon juice, salt, and garlic. Hummus can be a healthy part of a tasty Mediterranean diet that provides nutrients, all packed with delicious flavour. And *International Hummus Day* is the perfect day to learn more about this delicious treat, and, of course, spend some time eating it too!

#TRENDING

# A Fusion Delight Winning Hearts in India

Bubble Tea and K-Pop Burgers represent more than just food trends. They're a celebration of cultural exchange, creativity, and culinary innovation.



India, known for its rich cultural heritage and diverse culinary landscape, is experiencing a delightful fusion of flavours and trends, with the rise of *Bubble Tea* and *K-Pop Burgers*. Here, we'll explore how these unique culinary offerings are capturing the hearts and taste buds of Indians across the country.

### Bubble Tea: A Taiwanese Sensation

Originating from *Taiwan*, *Bubble Tea*, also known as *Boba Tea* or *Pearl Milk Tea*, has taken the world by storm with its tantalizing blend of tea, milk, and chewy tapioca pearls. In India, Bubble Tea has quickly gained popularity among the youth, offering a refreshing and Instagram-worthy beverage experience. From classic flavours like milk tea and taro to exotic options like matcha and fruit teas, *Bubble Tea shops* are popping up in cities nationwide, offering a diverse range of flavours and customizable options to suit every palate.

### K-Pop Burgers: A Korean-Inspired Culinary Craze

With the global rise of Korean pop culture, particularly K-Pop music and dramas, *Korean cuisine* has found its way into the hearts and stomachs of Indians. Enter *K-Pop Burgers*, a mouth-watering fusion of *Korean* flavours and *American* fast food classics. These burgers typically feature Korean-inspired toppings such as *kimchi*, *bulgogi* (marinated beef), *gochujang* (spicy chili paste), and Korean-style pickles, creating a unique and flavourful twist on traditional burgers. From food trucks to trendy cafes, K-Pop Burgers are becoming a popular choice for foodies, looking to satisfy their cravings for both comfort food and Korean cuisine.

### Embracing Diversity and Creativity

The popularity of *Bubble Tea* and *K-Pop Burgers* in India reflects a broader trend of culinary diversity and creativity in the country's food scene. As Indians embrace global influences and experiment with new flavours and trends, the boundaries between traditional and modern cuisine continue to blur, giving rise to exciting culinary mashups and fusion delights. With a growing appetite for innovation and experimentation, India's food culture is evolving, embracing diversity, and celebrating the fusion of flavours from around the world.

### The Fusion Appeal

What sets *Bubble Tea* and *K-Pop Burgers* apart is their ability to blend diverse cultural influences into innovative and exciting culinary creations. By combining traditional Asian flavours with contemporary twists and presentation, these food trends offer a unique sensory experience that appeals to both, the adventurous palate and the social media-savvy generation. With vibrant colours, bold flavours, and playful textures, Bubble Tea and K-Pop Burgers have become more than just food. They're a cultural phenomenon and a form of self-expression for enthusiasts and foodies alike.



### Conclusion

*Bubble Tea* and *K-Pop Burgers* represent more than just food trends. They're a celebration of cultural exchange, creativity, and culinary innovation. As these delightful offerings continue to win hearts in India, they serve as a reminder of the 'universal language of food' and the 'joy of exploring new tastes and experiences.' Whether you're sipping on a *refreshing* Bubble Tea or *biting into* a flavourful K-Pop Burger, these culinary delights offer a tantalizing glimpse into the vibrant and dynamic world of 'food fusion and cultural exchange.'



# Cuckoos Speak...

The event commenced with Jagdeep Singh, 'Jags,' introducing Malashri Lal as a prolific poet, who has written poems on a range of subjects, from romance to mythology to female infanticide. He spoke about how her poems are not just poignant and heartfelt but also carry a deep message for the reader. He said that Malashri's poems resonate with their readers because they are written on topics that every one feels and thinks about.



Rajesh Sharma conversing.



An attendee asking a question.



Jagdeep Singh, 'Jags,' introducing the poet.



Malashri Lal, with her book, '*Mandalas of Time*.'



Avid Listeners at *Rashtradoot's Sudharma Complex.*



An attendee asking his query.



An attendee asking a query.



An attendee engaging in discussion.



Prakash Bhandari giving a vote of thanks.



**Shailaza Singh**
*Published author, poet and a YouTuber*

> The audience was not a spectator, what surprised me was, the extent of appreciation and involvement people have for poetry. This was not *Dulat sahib*, who, one would, I now realise how wrong I can be, likely to hold audience because everyone wants to know what is hidden up till now. When she was asked about her poetic journey, Malashri revealed that she has been writing poems from the age of 12.

## #A POETIC EVENING

It was a hot evening, a warning of the approaching summer. With trepidation, the organisers decided that it would be safe to push forward the reading by half-an-hour to get some shade in the lawns. The avid listeners started to pour in, Sudhir Verma, Beena Kak, Durru Mia, Tripti Pandey, Dr. Goutam Sen, Anirudh Rathore, and a plethora of surprising guests, doctors and lawyers. My misconceptions took a seat, a large number of people enjoy poetry, especially when it's the kind written in the modern tenor. A style and pace which will resonate with people, this age. The *koel* decided to grace the occasion with its beautiful '*coos*,' promising an evening of poetic revelations.

Some tea, *samosas* and biscuits, started the introductions between people not known to each other, and also some warm hugs on a hot day, only hot tea can provide, to friends meeting after a long time.

Author, critic and academician, *Malashri Lal*, read out poems from her debut poetry collection, "*Mandalas of Time*" and talked about her life amongst an enraptured audience at *Rashtradoot's Sudharma Complex*.

The event commenced with Jagdeep Singh, '*Jags,*' introducing Malashri Lal as a prolific poet, who has written poems on a range of subjects, from romance to mythology to female infanticide. He spoke about how her poems are not just poignant and heartfelt but also carry a deep message for the reader. He said that Malashri's poems resonate with their readers because they are written on topics that every one feels and thinks about.

The audience was not a spectator, what surprised me was, the extent of appreciation and involvement people have for poetry. This was not *Dulat sahib*, who, one would, I now realise how wrong I can be, likely to hold audience because everyone wants to know what is hidden up till now. When she was asked about her poetic journey and which poet inspired her the most, Malashri revealed that she has been writing poems from the age of 12. She said that she drew her inspiration from the American poet, *Emily Dickinson*. She mentioned that like Dickinson, she used to write short poems on scraps of paper and then, just keep them in between her books. It was only recently that she thought of collecting her poems and getting them published.

When a member of the audience asked her about how she navigated the big change from Jaipur to Delhi, when she moved to Delhi, after she got married, Malashri replied that though, the change was huge considering the different natures of the two cities, she had very supportive in-laws, who helped her to ease the transition. She described how she got her first job in Delhi at Jesus and Mary College, where she spent twelve years of her professional life. She had been working before her marriage, she had been working in Kanodia college in Jaipur, but that was only a year long stint, since she soon got married and moved to Delhi. However, she added that despite the fact that she has been living in Delhi for decades now, since it is her marital home and workplace, her heart is still in Jaipur because that is where she has spent her best years of childhood and youth.



Malashri Lal, discussing her book and engaging with audience.



Robey Lal, Malashri Lal, Rajesh Sharma and Sudhir Mathur.

Guests were curious about her various transitions, especially of a child of our own backyard making home and professionally making place for herself, but more than that, finding 'the poet in herself' while doing it all. When she was asked if the writer in her ever had any difference of opinion with the poet in her, she replied that the 'writer in her' gets inspired by the 'poet's optimism.' She also added that there were times when the writer in her also helped the poet to become more practical and disciplined. Malashri believes that the 'poet in her' helps the 'writer to heal' because the very act of composing poetry is, in itself, a self-healing process.

Someone from the audience inquired about her poem-writing process, to which Malashri replied that earlier, she used to write her poems on any paper that she could find. That surprised many, because some of us are used to do just that. However, now, she uses her phone to writer her poems and she mails them to herself. She believes that allows her to keep a record of the thoughts and poems that come. A young girl asked her about how should one start writing poems, to which she responded that poems are all about expressing one's feelings and the best way to do is to write the thoughts that come there and then on the phone or pen and paper.

The discussions and questions continued over tea and snacks, long after the session had ended. There were many people in the audience, who, though did not know Malashri Lal personally, but were happy and proud seeing the success of this 'Jaipur girl' in the literary circles of Delhi and the world. For them, Malashri's triumph, as an eminent author and poet in the *literary Mecca of Delhi*, was like their own victory. From their perspective, it was as if someone from their family had gone out in the world and proven that *Rajasthan* can also produce authors and poets, who are articulate and adept in English as Malashri Lal.

It was like suddenly seeing an oasis in the middle of the desert and discovering that it is not a mirage but the real thing.


> Someone from the audience inquired about her poem-writing process, to which Malashri replied that earlier, she used to write her poems on any paper that she could find. That surprised many, because some of us are used to do just that. However, now, she uses her phone to writer her poems and she mails them to herself. She believes that allows her to keep a record of the thoughts and poems that come.

Somebody remarked that what makes Malashri so endearing and likeable is that despite her success in the literary world, Malashri has made it a point to keep her connection with Jaipur alive and thriving. He said that her frequent visits to Jaipur prove that she has not forgotten her roots and old friends. Another lady said that the beauty of Malashri's poems is that on one hand, her poems have celebrated the values and traditions of the yore, on the other, they have constantly questioned and rebelled against the patriarchal societies and values.

She also added that Malashri's poems don't just talk about her connections with Bengal and *Gurudev Rabindranath Tagore* but also delve into her deep connection with *Rajasthan*.


Sounds of laughter and conversations echoed in the green lawns as many people caught up with their friends and acquaintances, they had not met for long. Some friends commented, that they had come for the now famous *samosas*, but were enchanted by the poems. The evening was a magical one as the setting sun and the songs of the cuckoo bird added their own poetic license to an already enriched session. Senior journalist, *Prakash Bhandari*, brought the session to a close with the vote of thanks.

rajeshsharma1049@gmail.com



Malashri Lal, reciting poems from her book, '*Mandalas of Time*.'

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मौलाना हत्याकांड का पर्दाफाश, विधि से संघर्षरत छह बालक निरुद्ध

## मदरसे में पढ़ने वाले विधि से संघर्षरत बच्चों ने की थी हत्या, सेक्सुअल हैरेसमेंट का मामला

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में करीब 15 दिन पूर्व पूर्व कंचन नगर स्थित मोहम्मदी मस्जिद में मौलाना माहिर की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी थी और फरार हो गये थे। मौलवी हत्याकांड का रविवार को एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में विधि संघर्षरत छह बालकों को निरुद्ध किया है। पुलिस ने निशानदेही पर मौलाना का मोबाइल और हत्या में प्रयुक्त रस्सी भी बरामद कर ली है। मामला बच्चों के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट का निकला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


एसपी देवेंद्र विश्नोई ने मौलाना हत्याकांड का खुलासा किया।

एसपी देवेंद्र विश्नोई ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए प्रेसवार्ता में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 27 अप्रैल को परिवादी मोहम्मद तौसिफ अशरफ पुत्र स्व. मोहम्मद जाकिर हुसैन निवासी आजाद नगर खानपुरा ने रामगंज थाने में रिपोर्ट दी थी, जिसमें 2:30 से 3 बजे मौहम्मदी मस्जिद कंचन नगर के इमाम साहब मौलाना मो. माहिर पुत्र मोहम्मद असलम निवासी शाहबाद रायपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश की तीन अज्ञात हमलावरों ने मस्जिद में घुसकर धारदार हथियारों व लकड़ी, लोहे के डंडों से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसपी विश्नोई ने बताया कि मृतक के मेडिकल रिपोर्ट से पाया गया कि मृत्यु से पूर्व सिर में लकड़ी से चोट लगने व रस्सी से गला दबाकर मारा गया है आदि तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जांच एंगल बदल कर जांच पड़ताल शुरू की थी। एसपी विश्नोई ने बताया कि मदरसे में पूर्व से अध्ययनरत विधि से संघर्षरत पांच बालकों का मौलाना माहिर लंबे समय से सेक्सुअल व अश्लील हरकतें व अप्राकृतिक संबंध बना रहा था, जिससे प्रताड़ित होकर बच्चों ने हत्या कर दी।

एसपी ने बताया कि 25 अप्रैल को मौलाना माहिर अपने साथ एक विधि संघर्षरत बालक को लाया था, जिसके साथ भी उसने अप्राकृतिक संबंध बनाने का दबाव बनाया, बालक ने इस बात का सभी जगह खुलासा करने का कहा तो मौलवी ने उसको रुपए का लालच दिया एवं चुप रहने की बात कही। उक्त संघर्षरत बालक ने अपने साथ हुई घटना की अन्य अध्ययनरत बालकों को बताया तो सभी बालकों ने अपनी-अपनी व्यथा सुनाई कि मौलाना ने हमारे साथ भी काफी बार गलत हरकत कर चुका है। सभी विधि से संघर्षरत बालकों ने एक राय होकर 26 अप्रैल को मौलवी माहिर से छुटकारा पाने के लिए योजना बनाई।

**बालकों पर संदेह होने पर**

- **पुलिस ने विधि से संषर्घरत बच्चों की निशानदेही पर मौलाना का मोबाईल व हत्या में प्रयुक्त रस्सी बरामद की**

**मनोवैज्ञानिक पूछताछ की :-** एसपी ने बतया कि संयुक्त गठित टीम ने हत्या के समस्त कारणों का बारिकी से विश्लेषण किया, हत्या के चश्मदीद मदरसे में पढ़ने वाले विधि से संघर्षरत बालकों पर संदेह होने पर टीम के सदस्यों ने हत्या के चश्मदीद विधि से संघर्षरत बालकों को उनके परिजनों के साथ बुलाकर पूछताछ शुरू की। 12 मई को हत्या के चश्मदीद विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ के दौरान मदरसे में पढ़ने वाले 6 विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा उक्त घटना सभी के द्वारा मिलकर कारित करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने छह बलाकों को निरुद्ध कर लिया।

प्रकरण में आरोपी घटना कारित करने के उपरान्त से फरार हो गए, चूंकि घटना के चश्मदीद विधि से संघर्षरत बालकों ने पुलिस को योजनाबद्ध तरीके से तथ्यों को छुपाते हुए बताया था कि 3 व्यक्ति काले रंग के कपड़े पहनकर मुंह ढककर मस्जिद में घुसे और एक व्यक्ति ने हमें कमरे से डरा-धमकाकर बाहर निकाल दिया एवं दो व्यक्तियों ने मौलाना माहिर के सिर पर लकड़ी से चोट मारकर मार डाला। पुलिस ने सभी तथ्यों पर बारिकी से निरीक्षण किया था। निरुद्ध बालकों ने पुलिस टीम को गुमराह करने के लिए यह योजना बनाई थी।

एसपी ने बताया कि विधि से संघर्षत बालकों से मनौवैज्ञानिक दृष्टिकोण से पूछताछ की गई तो बालकों ने बताया कि मौलाना माहिर हमारे साथ गलत हरकत करता था जिससे हम सभी परेशान थे। हम सभी ने मौलाना को मारने का प्लान बनाया और 26 अप्रैल को मेडिकल की दुकान से नींद की गोलियां ले आए और मौलाना जब बाहर खाना खाने गये थे, जहां से रात के 10 बजे वापस आए, हम सबने बूंदी के रायते में नींद की गोली पीसकर मिला दी थी।

बालकों ने बताया कि कुछ समय बाद मोलाना मस्जिद में स्थित कमरे में सो गया तो हमने मस्जिद में पीछे गली में पड़े कबाड़ में से एक डंडा लेकर आए और कमरे में सो रहे मोलाना के सिर में जोरदार मारा, जिस पर वह घायल हो गया, तब हम सबने मिलकर उसको उल्टा पटककर रस्सी से गले में फंदा लगाकर जोर से खींचा तो कुछ समय बाद मौलाना माहिर हिलना डुलना बंद हो गया, जब पूर्ण रूप से उसकी धड़कन बंद हुई फिर हम सब कमरे से बाहर आ गए। मस्जिद के पास स्थित सरफराज के घर गए और उनको बुलाकर लगाए। इस प्रकार उक्त सभी विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा एकराय होकर षडयंत्र रचकर योजनाबद्ध तरीके से मौलवी की हत्या कर दी।

# पानी की समस्या को लेकर प्रशासन फील्ड में उतरा


प्रशासन के अधिकारियों ने पानी की समस्या को लेकर दौरा किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल गर्मियों के मौसम में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी क्रम में उन्होंने ना केवल जलदाय विभाग, बल्कि हर विभाग के अधिकारी को धरातल पर स्थिति जानने के लिए फिल्ड में उतार दिया है। रविवार को अवकाश होने के बावजूद भी जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देश पर नगर परिषद आयुक्त अनिता खीचड़ ने सुबह-सुबह करीब आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों में चार घंटे डोर टू डोर जाकर पानी सप्लाई की स्थिति जानी।

आयुक्त अनिता खीचड़ ने बताया कि उन्होंने रविवार को एईएन लोकेश दूलड़ के साथ इंदिरा नगर, सैनिक नगर, बसंत विहार, किसान कॉलोनी, दीनदयाल नगर और मणि विहार आदि इलाकों में डोर टू डोर जाकर दौरा किया।

- **पूरा प्रशासन पानी की समस्या जानने और समाधान करने रविवार अवकाश को भी फील्ड में उतरा**

इस दौरान किसान कॉलोनी और बसंत विहार में पानी की कोई समस्या नहीं मिली। लेकिन इंदिरा नगर के बी और सी ब्लॉक में कम प्रेशर से पानी सप्लाई होने की शिकायत सामने आई। इसके अलावा मणि विहार के लोग सर्वाधिक पानी की समस्या से जूझते हुए दिखाई दिए। यहां के लोगों ने बताया कि ना तो पानी सप्लाई का टाइमिंग फिक्स है। एक दिन छोड़कर एक दिन पानी आता है। वहीं जिस दिन पानी आता है वो भी कम प्रेशर के आता है। जिससे पानी आपूर्ति पूरी नहीं हो पाती है। वहीं इन सभी इलाकों में नहरी पानी सप्लाई हो रहा है। जिसमें बदबूदार पानी सप्लाई की शिकायतें सभी जगह मिली। इसके अलावा दीनदयाल नगर में करीब 150 झुग्गियां है, जो इधर-उधर से पानी लाकर जीवन-यापन कर रहे हैं। जिसके लिए जल्द ही दीनदयाल नगर में बने पंप हाउस में एक नल लगाकर इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों को पानी सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी।

आयुक्त ने बताया कि जिला स्तर पर स्थित कंट्रोल रूम में आई शिकायतों को भी डोर टू डोर जाकर वेरिफाई किया गया। जिनकी रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेजी जाएगी। इसके अलावा नहरी पानी में जो बदबू आने की शिकायतें सभी जगह से मिल रही है। उसे दूर करने के लिए भी कलेक्टर से निवेदन किया जाएगा। साथ ही पंप हाउस के बाहर एक नल लगाकर दीनदयाल नगर में झुग्गी में रहने वाले लोगों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

# युवक की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जाम लगाया

## पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, मुख्य आरोपी फरार

**करौली,** (नि.सं.)। करीब दो माह पूर्व पांच मार्च को बयाना क्षेत्र में करौली के बल्लूपुरा गुडला गांव निवासी युवक की हत्या के मामले में ग्रामीणों ने करौली हिंडौन मार्ग स्थित गुडला गांव में जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने जाम लगाकर युवक की हत्या के मुख्य आरोपियों हेतन गुर्जर एवं उसके चचेरे भाई योगेन्द्र गुर्जर निवासी तिघरिया थाना सदर हिडौन की गिरफ्तारी, आरोपी के पास मौजूद हथियारों के लाइसेंस निरस्त करने, करौली में राजकीय महाविद्यालय पीछे स्थित आरोपी के आवास को ध्वस्त करने और परिवार को पुलिस सुरक्षा देने की मांग की है।


बल्लूपुरा गुडला गांव निवासी युवक की हत्या के मामले में ग्रामीणों ने गुडला गांव में जाम लगा दिया।

जाम लगने से पूर्व ग्रामीणों ने गुडला गांव में 12 गांव गुर्जर समाज की पंचायत आयोजित की जिसमे ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि मामले को लेकर कई बार पुलिस को ज्ञापन सौंपा लेकिन पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की। जिसको लेकर मृतक के परिजन और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। देर शाम करौली-हिंडौन मार्ग पर जाम लगाने से यातायात अवरुद्ध हो गया। हालांकि करौली-हिंडौन मार्ग पर चलने वाले वाहनों को मोठियापुरा तथा गंगापुर रोड पर डायवर्ट कर दिया गया। वहीं पुलिस उपाधीक्षक अनुज सदर थानाधिकारी योगेन्द्र शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर रहकर हालात पर नजर बनाये हुए थे।

जानकारी के अनुसार गत 5 मार्च को बल्लूपुरा गांव निवासी युवक दौलत सिंह पुत्र इंद्रराज गुर्जर अपनी कार से जुंगीनपुरा से बारात लेकर दुर्गेषी थाना सूरौठ गया हुआ था जहा शहीद स्थल पीलूपुरा से हेतन गुर्जर, भैरोसिंह गुर्जर, बृजेन्द्र सिंह गुर्जर, खेमा गुर्जर व 8-10 अन्य लोग वाहनों में आये और दौलत सिंह व उसके चचेरे भाई लोकेष गुर्जर का अपहरण कर ले गये जहां एक सुनसान जगह पर नामजद लोगों ने दौलत सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी जिसका मामला सदर थाना बयाना पर दर्ज है। जिसकी जांच करौली पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा की जा रही है। मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जो न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे है लेकिन घटना का मुख्य आरोपी हेतन गुर्जर और उसका चचेरा भाई योगेन्द्र गुर्जर पुलिस गिरफ्त से दूर फरार चल रहे है। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर मृतक के परिवार जन व समाज पंच पटेल जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भी दे चुके हैं लेकिन अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं किये गये हैं। देर शाम तक ग्रामीण करौली हिंडौन सड़क मार्ग के गुडला गांव पर जाम लगाकर प्रशासन के अधिकारियो को मौके पर बुलाने पर अड़े रहे।

- **जाम लगने से पूर्व ग्रामीणों ने गुडला गांव में 12 गांव गुर्जर समाज की पंचायत हुई**

# मण्डा के ग्रामीणों को पांच-छह दिन इंतजार के बाद भी पानी नहीं मिल रहा

**केकड़ी,** (निसं)। प्रदेश में जल जीवन मिशन पूरी तरह से नाकाम दिखाई दे रहा है। यहां के कई गांवों में आज भी पेयजल की समस्या बरकरार है। ग्राम पंचायत मोलकिया में स्थित गांव मण्डा में पानी का संकट कोई नई बात नहीं है। यहां पर बीते कई वर्षों से गर्मी के मौसम में लोगों की जिंदगी दुश्वार हो जाती है। केकड़ी जिला मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित मण्डा के ग्रामीणों को करीब पांच-छह दिन इंतजार के बाद भी पर्याप्त पेयजल नहीं मिल रहा है।


केकड़ी के मंडा गांव में पेयजल से परेशान ग्रामीण।

जानकारी के अनुसार यहां स्थित एकमात्र सार्वजनिक नल में 5-6 दिन में एक बार में एक घण्टा ही पानी आता है। गांव वालों ने एक बार में एक व्यक्ति को अधिकतम दो बर्तन ही भरने का नियम बना रखा है, ताकि सभी को पानी भरने का अवसर मिले। कई बार तो कुछ लोगों का नम्बर आते-आते पानी आना ही बन्द हो जाता है, जिसके कारण ऐसे लोगों को मायूस ही वापस घर लौटना पड़ता है। पेयजल के लिए यहां एक सार्वजनिक टंकी भी बनी है, जिसकी भी सफाई नियमित रूप से नहीं होती। गांव में कुछ हैडपम्प भी लगे हैं जिनमें फ्लोराइड युक्त पानी आता है, जिससे शरीर में हड्डी एवं दांत जनित कई प्रकार की बीमारियां हो रही है। 35-40 वर्ष के युवक 50 वर्ष की उम्र के दिखाई देते हैं।

गांव में पानी की भारी समस्या के चलते कुछ माह पूर्व जल जीवन मिशन के तहत गांव के सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी में हुए नल कनेक्शन में से पानी भरने के लिए स्कूल परिसर में एकत्रित होकर पानी भरने लगे। पानी भरने के चक्कर में कुछ लोगों ने स्कूल भवन की चारदीवारी को भी जगह-जगह से तोड़ दी। और तो और कुछ समय बाद अब पानी की आस में इस कनेक्शन को विद्यालय के बाहर सड़क किनारे से उखाड़कर सड़क किनारे से ही पानी भरने लगे हैं। जैसे ही गांव वालों को नल में पानी आने के तय समय की जानकारी मिलती है उसके बाद यहां पानी भरने के लिए इस भीषण गर्मी और कड़ी धूप में भी दो घण्टे पूर्व ही लाइन लगनी शुरू हो जाती है। कई बार हालात ऐसे हो जाते हैं कि आपस में झगड़ा तक हो जाता है। पानी आने के समय पूरे गांव के लोग दो भागों में बंट जाते हैं। एक केकड़ी मार्ग पर सार्वजनिक टंकी के वहां, तो दूसरी तरफ तितरिया मार्ग पर सरकारी स्कूल के बाहर, जहां पानी की मारामारी के चलते कुछ लोगों ने जल जीवन मिशन के तहत लगे कनेक्शन को ही जमीन से उखाड़ दिया।

गांव वालों का कहना है कि चुनाव के समय तो नेता आश्वासन देकर चले जाते हैं उसके बाद कोई सुध लेने नहीं आता है। हालात इसलिए भी बद से बदतर है कि इन सुविधाओं की सुध लेने वाला कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति भी कुछ करने को तैयार नहीं है।

गौरतलब है कि पूरे देश भर में जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण योजना के रूप में चलाया गया था, जिसका उद्देश्य लोगों को पेयजल की मूलभूत सुविधा आसानी से उपलब्ध कराना था।

# चोरों ने मकान से पौने तीन लाख रुपए चुराये


पीड़ित ने मकान में हुई चोरी की घटना की जानकारी दी।

**अजमेर,** (कासं)। क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के एक मकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर छत के रास्ते से दरवाजा तोड़कर ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में घुसे और आलमारी में रखे पौने तीन लाख रुपए चुरा ले गए। पीड़िता अपनी बेटी के घर गई थी और ग्राउंड फ्लोर पर पुत्रवधु थी, लेकिन उसे भनक तक नहीं लगी। पीड़िता के बेटे की थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भांग बावड़ी आशागंज रोड अजमेर निवासी नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात चोरों ने मकान में चोरी की वारदात अंजाम दी है। घटना 10 मई को सायं साढ़े पांच बजे के करीब की है। जब में घर पहुंचा तो मुझे घटना की जानकारी मेरी पत्नी ने दी। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोरों ने ऊपर छत का दरवाजा तोड़ कर घर में प्रवेश किया और ऊपर कमरे में मेरी माताजी रहती है, मेरी मां मेरी बहन से मिलने वैशाली नगर उसके घर गई थी। घर में मेरी पत्नी नीचे कमरे में अकेली थी। शातिर चोरों ने ऊपर के कमरे में चोरी की वारदात अंजाम देते हुए अलमारियों के ताले तोड़कर नकदी चुराकर फरार हो गए। चोर करीब घर से पौने तीन लाख रुपए चुरा ले गए। पीड़ित नरेश ने बताया कि जब मैं घर पहुंचा तो घटना की जानकारी लगी, जिस पर तुरंत ऊसरी गेट चौकी गया, जहां से कलॉक टावर थाने भेज दिया। थाने में मौजूद एसआई राजवी को घटना की जानकारी दी। जिस पर एसआई तुरंत घर पहुंचने और घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंकित हत्याकाण्ड के विरोध में गंगापुर बंद सफल रहा

## मंत्री किरोडीलाल ने कलेक्टर व एसपी से वार्ता की, धरना जारी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शुक्रवार की रात हुए ब्लाइण्ड मर्डर को लेकर शहर में आक्रोश फैल गया और सर्व समाज ने आक्रोश जताते हुए रविवार को गंगापुर शहर को बंद का निर्णय लिया। रविवार को अंकित मीना हत्याकाण्ड के विरोध में गंगापुर सिटी शहर के सम्पूर्ण बाजार सुबह से ही स्वैच्छिक रूप से बंद रहे। एक दो जगह पर कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से आग्रह कर दुकानें बंद करवाई जो कि पूर्णतया सफल रहा।

अंकित मीणा की हत्या के मामले में विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर लोग धरने पर बैठ गए। परिजन और सर्व समाज के लोगों का कहना है कि आरोपियों ने पहले अंकित का गला रेत कर और इसके बाद पत्थरों से कुचल कर उसकी हत्या की है। ऐसे में उदयपुर के कन्हैयालाल की तर्ज पर अंकित के परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने, मृतक के हत्यारे को फांसी की सजा देने, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने, मामले को फास्ट ट्रैक अदालत ले जाकर शीघ्र निस्तारण करने आदि की मांग की। रविवार को शाम पांच बजे सरकार के काबिना मंत्री किरोडीलाल मीना धरना स्थल पर पहुंचे।


धरना स्थल पर परिजनों से मंत्री किरोडी लाल मीना ने जानकारी ली।

उन्होंने पीड़ित परिवार से वार्ता कर घटना की जानकारी ली और प्रतिनिधि मण्डल के साथ जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से वार्ता की। उन्होंने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सर्व समाज को झकझोर देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रीजी चुनाव प्रचार में बाहर है और मैं उनसे वार्ता कर के पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास करूंगा। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों से इसकी जांच कर फास्ट ट्रैक में केस चलाने के लिए कहा। वहीं पीड़ित पक्ष ने धरना समाप्त करने से इंकार कर दिया। देर शाम तक उनका धरना जारी था।

# अंकित हत्याकाण्ड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने दो नाबालिगों को निरूद्ध किया, दो घंटे में मामले का खुलासा हुआ

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शुक्रवार रात सदर थाना क्षैत्र के जयपुर रोड स्थित आरजीएम हॉस्पिटल के पास अंकित मीना की गला रेतकर पत्थरों से कुचल कर हत्या करने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह वारदात का पता लगते ही पुलिस कप्तान सुजीत शंकर के निर्देशन में एएसपी राकेश राजोरा, डिप्टी अरविन्द कुमार के सुपर विजन में सदर थानाधिकारी पन्ना लाल, कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह, उदेई मोड थानाधिकारी नरेश पोसवाल व जिला स्पेशल टीम द्वारा ब्लाइण्ड मर्डर का खुलासा करने के लिए मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज व अन्य सूचनाओं के आधार पर दो घंटे के अंदर ही आरोपियों को डिटेन कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल करने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर दो नाबालिगों को निरूद्ध किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक लड़की से अंकित व सलमान दोनों की दोस्ती थी और इसी बात को लेकर तीन चार दिन पूर्व से ही सलमान अंकित को ठिकाने लगाने की योजना बना रहा था।

इसके लिए सलमान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी चमनपुरा ने अपने दो नाबालिग साथियों को साथ लेकर अंकित मीना को बुलाया। शुक्रवार रात इन्होंने लगभग दो घंटे तक शराब पीकर बाइक से जयपुर रोड के लिए रवाना हो गए जहां सलमान ने अंकित की बाइक की चाबी निकाल ली। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ और सलमान ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ अंकित का गला रेत दिया व पत्थरों से सिर को कुचल दिया। परन्तु घटना स्थल पर बाइक व चाकू आधा चेहरा बचने से मृतक की शिनाख्त हो गई। इस ब्लाइण्ड मर्डर का दो घंटे में खुलासा करने व आरोपियों को डिटेन करने पर शहर के लोगो ने सराहना की है।

# सूरतगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में तेज आंधी व बरसात ने भारी तबाही मचाई

## सूरतगढ़ सर्किल में तेज आंधी से 70 विद्युत पोल टूटे, नई धानमंडी में बरसात से गेहूं से भरे 40 हजार बैग भीगे

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के सूरतगढ़ क्षेत्र में गत रात्रि तेज आंधी के बाद बरसात हुई। इससे जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज आंधी से सूरतगढ़ सर्किल में करीब 70 विद्युत पोल व चार सिंगल फेज ट्रांसफार्मर टूट गए। जबकि नई धानमंडी में बरसाती पानी जमा होने से 40 हजार बैग गेहूं के भीग गए। शनिवार दोपहर तक टैंकरों की मदद से मजदूरों ने बरसाती पानी निकाला।

जानकारी के अनुसार रात्रि करीब बारह बजे तेज आंधी का दौर शुरू हुआ। कुछ देर आंधी के बाद बरसात का दौर शुरू हुआ, जो अलसुबह तक रूक-रूक कर जारी रहा। क्षेत्र में करीब 15 एमएम बरसात दर्ज हुई है। तेज आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में लगे करीब 70 विद्युत पोल व चार जगह सिंगल फेज के विद्युत ट्रांसफार्मर टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए। वही विद्युत निगम की ओर से करीब बीस जगह नए विद्युत पोल लगाए जा चुके हैं। शेष जगह विद्युत पोल बदलने का कार्य जारी है। बरसात से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में निचले हिस्सों में बरसाती पानी जमा हो गया। शहर के इन्दिरा सर्किल के पास सड़क किनारे बरसाती पानी एकत्रित होने से राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बरसात से सबसे ज्यादा नुकसान नई धानमंडी में हुआ। खुले में तथा निचले हिस्से में पड़े सरकारी व गैर सरकारी गेहूं से भरे करीब चालीस हजार बैग भीग गए। सुबह कृषि उपज मंडी समिति के करीब बीस टैंकरों की मदद से मंडी में जमा बरसाती पानी को



श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ क्षेत्र में तेज बरसात में मंडी में गेहूं से भरे बैग भीग गये।

मजदूरों की मदद से निकाला गया। वहीं, मजदूर भींगे गेहूं से भरे बैग को सुरक्षित जगह रखकर सुखाने में जुटे रहे। मंडी में गेहूं के सड़ांध मारने से बदबू फैल गई। नई धानमंडी में बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से व्यापारियों में रोष है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में नाले का निर्माण होनी चाहिए। इसके लिए कई बार कृषि उपज मंडी समिति व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

व्यापार मंडल सचिव मनोज सोमानी ने बताया कि नए बस स्टैण्ड रोड व नई धानमंडी की दीवार के पास नगरपालिका की ओर से बने नाले की नियमित रूप से सफाई नहीं हो रही है। इस वजह से गंदा घुस गया। शनिवार सुबह मंडी के अंदर की तरफ का नाला बंद करवाया गया। इसके बाद कृषि उपज मंडी समिति के टैंकरों की मदद से मंडी में बरसाती पानी निकाला गया। नगरपालिका को पूर्व में भी कई बार नाले की नियमित सफाई करने के लिए अवगत करवाया जा चुका है। इसके बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। शुक्रवार को हुई बरसात में नाला ओवरफ्लो हो गया। जिससे बरसाती व नाले का गंदा पानी मंडी में आ गया। उन्होंने बताया कि मंडी में बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करवाई जाएगी। ताकि भविष्य में बरसाती पानी से कृषि जिंसों से भरे बैग ना भीग सके।

सहायक कृषि अधिकारी महेन्द्र सिंह कुलडिया ने बताया कि तीन दिन पूर्व नरमा की बिजान की गई फसल बरसात की वजह से प्रभावित हो गई। क्षेत्र में करीब 15 एमएम बरसात हुई है। फसल खराब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने किसानों से नए सिरे से नरमे का बिजान करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मौसम के मददनजर ही किसान फसल का बिजान करें ताकि उन्हें नुकसान ना हो सके।

- सूरतगढ़ के गांव सिद्धुवाला, रामसरा जाखड़ान, लालपुरा ओडान सहित अन्य क्षेत्रों में भी तेज आंधी के साथ बरसात हुई

वहीं, किसानों का कहना है कि हाल ही में नरमा का बिजान कार्य किया गया। इसके लिए बहुत मेहनत की, लेकिन बरसात ने मेहनत पर पानी फेर दिया। अब दोबारा नरमा का बिजान करना पड़ेगा। सूरतगढ़ के गांव सिद्धुवाला, रामसरा जाखड़ान, लालपुरा ओडान सहित अन्य क्षेत्रों में भी शुक्रवार देर रात्रि करीब तीन बजे तेज आंधी के साथ बरसात हुई। इससे आमजन को गर्मी से राहत मिली। वहीं, किसानों को बरसात से फायदा होगा। हाल ही में कुछ किसानों ने नरमा का बिजान किया था। उनके नरमा कुरड़ भी हुआ। सिद्धुवाला गांव की लिंक रोड पर बरसाती पानी जमा होने से ग्रामीणों को भी आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात की वजह से सड़क पर पानी एकत्रित होता रहता है। बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात्रि के समय तो सदैव अनहोनी की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग को ध्यान देना चाहिए तथा सड़क किनारे नाले का निर्माण किया जाए।

# महिला से दुष्कर्म के आरोप में कांस्टेबल गिरफ्तार

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया था

**झुंझुनूं, (निसं)।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। जिसे कोर्ट ने जेल भेज दिया है।



आरोपी कांस्टेबल।

जानकारी के मुताबिक सीकर जिले की एक युवती ने झुंझुनूं पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल अशोक चौधरी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने 30 वर्षीय कांस्टेबल अशोक चौधरी पर दुष्कर्म करने की धाराओं में मामला दर्ज करते हुए जांच की और जांच के बाद अशोक चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल पवन चौबे ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल अशोक चौधरी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कांस्टेबल अशोक चौधरी पुलिस लाइन में तैनात था। सोशल मीडिया के जरिए अशोक चौधरी की युवती से जान-पहचान हुई। इसके बाद युवती के लगाए आरोपों के मुताबिक अशोक चौधरी ने युवती को शादी करने का झांसा दिया और उसे झुंझुनूं बुलाया। जहां पर उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद शादी से इंकार कर दिया। जिसके बाद युवती ने कोतवाली में मामला दर्ज करवाया। अशोक चौधरी भी अविवाहित है। पुलिस मामले की पूरी जांच में जुटी हुई है।

# रेस्टोरेंट के शौचालय में युवक का शव मिला

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर पावटा रोड स्थित रेस्टोरेंट के शौचालय में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की शिनाख्त प्रहलाद (25) पुत्र कैलाश

- पुलिस ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाये व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया



मृतक युवक।

निवासी महासिंहकाबास के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही विराटनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाये व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।

विराटनगर थाना प्रभारी मनोहरलाल ने बताया कि शुक्रवार की रात प्रहलाद पुत्र कैलाश 25 वर्षीय निवासी महासिंहकाबास विराटनगर पावटा रोड स्थित कान्हा रेस्टोरेंट मे रुका था। शनिवार सुबह रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा रूम का दरवाजा खुलवाने पर दरवाजा नहीं खोलने पर रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा विराटनगर थाना पुलिस को सूचित किया। वहीं विराटनगर थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट में रुके युवक का नाम पता लेकर उसके परिजनों को सूचित कर बुलाया व रेस्टोरेंट में जाकर परिजनों के सामने दरवाजा खुलवाया तो प्रहलाद कमरे में बने शौचालय में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। जिस पर उसे विराटनगर सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। रिपोर्ट दर्ज होने पर उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# बाप क्षेत्र में बारिश, ओले और तूफान से भारी नुकसान

**बाप, (नि.सं.)।** बाप उपखंड क्षेत्र में शनिवार शाम कई गांवों में भयंकर तूफान का असर देखने को मिला। जिन गांवों से तूफान गुजरा वहां के लोगों की सांसें अटक गई। सैकड़ों पेड़ गिर गये। टीनशेड उड़ने के साथ 150 से अधिक विद्युत पोल गिरने से विद्युत तंत्र भी लड़खड़ा गया। दर्जनों गांव-ढाणियां रातभर अंधेरे में रही। मवेशी भी इसकी चपेट में आने से मारे गए। घरों के आगे वाहन भी पलट गए। सोलर कंपनी के बड़े-बड़े विद्युत टॉवर भी टूटकर गिरने के साथ क्षतिग्रस्त हो गए। करीब एक घंटे से अधिक समय तक रहे तूफान से जनजीवन बुरी तरफ प्रभावित हो गया। सुबह होते ही विद्युत व्यवस्था सुचारू करने के लिए टीमें जुट गई थी।

- तूफान ने विद्युत तंत्र को किया धराशायी, 150 से अधिक पोल गिरे
- मवेशी भी तूफान की चपेट में आने से मारे गए, घरों के आगे वाहन भी पलट गए

जानकारी के अनुसार बाप उपखंड क्षेत्र में शाम होने के बाद मौसम बदल गया। कई गांवों में ओले गिरने के साथ बारिश भी हुई। इस बीच करीब 8 बजे घटोर, कानासर, सोनलपुरा, रावरा, राणेरी, चौखाणियों की ढाणी, रामपुरा सहित कई गांवों में तूफान आ गया। तेज तूफान की वजह से जगह-जगह सैकड़ों की तादाद में पेड़ उखड़ गए। एलटी व 11 केवी लाइनों के 150 से अधिक खंभे व आधा दर्जन ट्रांसफार्मर टूट कर गिर गये। घटोर से आगे मांडली रोड पर एक सोलर कंपनी का 132 केवी लाइन का विद्युत टॉवर भी गिर गया। इसके अलावा इसी कंपनी के दो विद्युत टॉवर उपर से क्षतिग्रस्त होकर लटक गए।

पूर्व सरपंच पहाड़सिंह रावरा ने बताया कि रावरा में तूफान में उड़कर आये टीनशेड के नीचे दबने से एक ही पशुपालक की एक दर्जन भेडें मर गई। दो से तीन गायें भी घायल हुई है। हाईटेंशन लाइन भी रावरा मांडली रोड पर गिर गई। जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रावरा गांव के पास नखताराम मेघवाल की ढाणी के पास 13 पोल व एक ट्रांसफार्मर गिर गया। लोगों को रात अंधेरे में बितानी पड़ी।

किसान नेता हनुमान अमराणी ने बताया कि तूफान से गांवों में दयनीय हालात हो गए हैं। पदमेत नगर व सोनलपुरा में जर्जर पोल गिर गये। डिस्कॉम पहले ध्यान देकर समय रहते उन्हे बदल देते तो इतना नुकसान नहीं होता। डिस्कॉम बाप के कनिष्ठ अभियंता मांगीलाल विश्नोई ने बताया कि तूफान से डिस्कॉम को काफी नुकसान हुआ है। बिजली सुचारू करने के लिए सुबह होते ही टीमें लग गई थी। शाम तक अधिकांश जगहों की बिजली सुचारू हो जाएगी।

# टैंकर की टक्कर से तीन युवकों की मौत

## गांव जाने के लिए वाहन के इंतजार में खड़े महेन्द्र को देखकर बाइक पर आए गोविन्द, गजराज एवं महेन्द्र के लिए काल बनकर आया टैंकर


**मसूदा, (निसं)।** मसूदा क्षेत्र के बिजयनगर थाना परिक्षेत्र के ग्राम सथाना के मजरा भीलों का बाड़िया के तीन युवकों की टैंकर की टक्कर लगने से अकाल मौत हो गई। तीनों युवकों का रविवार को उनके पैतृक गांव भीलों का बाड़िया में अन्तिम संस्कार किया गया।



मृतक महेन्द्र।



मृतक गोविन्द।



मृतक गजराज।

रामदेव पुत्र उगमा भील ने पुलिस को दी रिपार्ट में बताया कि उसका पुत्र महेन्द्र घर आने के लिये साधन (वाहन) के इन्तजार में खड़ा था कि उसी समय गांव के ही गजराज व गोविन्द मोटरसाइकिल पर आ रहे थे। महेन्द्र को देखकर मोटरसाइकिल रोकी कि इसी दौरान चौधरी होटल के पास उसी समय भीलवाड़ा की तरफ से अत्यन्त तेज गति से आए टैंकर चालक ने लापरवाही से टैंकर से सड़क पर खड़े महेन्द्र, गोविन्द व गजराज को टक्कर मारते हुए पास ही खड़ी हार्वेटर मशीन से जा टकराया। इस घटना में महेन्द्र, गोविन्द व गजराज तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं हार्वेस्टर मशीन चालक हरनेक सिंह को भी चोटें आईं। घायलों को चिकित्सालय लाए जाने पर महेन्द्र व गजराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं गोविन्द व हरनेक सिंह को ईलाज के लिए अजमेर रेफर कर दिया। ईलाज के दौरान गोविन्द की भी मौत हो गई। घटना को लेकर ग्राम सथाना निवासी रामदेव पुत्र उगमा भील ने घटना टैंकर चालक की गलती से घटित होना बताते हुए कार्यवाही करने हेतु पुलिस को रिपोर्ट दी है।

## शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगी

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गोल मस्जिद के पास विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर में तेज हवाओं के कारण शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। जहां मौजूद स्थानीय वासियों ने अपने-अपने घरों की लाईटें बन्द कर इसकी सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी। इस पर विद्युत विभाग की तरफ से स्थानीय क्षेत्र में विद्युत की सप्लाई बन्द की दी गई और नगर परिषद के फायरमैन आफिस में भी आग लगने की सूचना पर फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों ने भी अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर विद्युत विभाग के कर्मचारी भी घटना स्थल पर पहुंचे और कुछ समय बाद विद्युत सप्लाई चालू की गई।

# सरकारी राशन की दुकान में गबन, आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ एक माह पहले प्रवर्तन अधिकारी ने गबन करने का मामला दर्ज करवाया था

**खेतड़ी, (निसं)।** सिंघाना पुलिस ने सरकारी राशन की दुकान में गबन करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एक माह पहले प्रवर्तन अधिकारी की ओर से राशन का गबन करने का मामला दर्ज करवाया था।

थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि 23 मार्च को अजाड़ी कलां हाल प्रवर्तन अधिकारी बुहाना ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि थाना क्षेत्र के हीरवा में राज्य सरकार की ओर सरकारी राशन की दुकान का संचालन किया जा रहा है। जिस पर हीरवा निवासी अजय कुमार पुत्र कमल सिंह मेघवाल

- गड़बड़ी मिलने पर थाने में रिपोर्ट दी गई तो राशन डीलर फरार हो गया था

राशन डीलर के रूप में कार्य करता है। जिसने सरकारी राशन की दुकान से 70 क्विंटल 91 किलो गेहूं, 9.70 किलो दाल, 6462 लीटर कैरोसीन, एक क्विंटल तीन सौ ग्राम चीनी का गबन कर लिया। प्रवर्तन अधिकारी द्वारा जांच करने पर गड़बड़ी मिलने पर थाने में रिपोर्ट दी गई तो राशन डीलर फरार हो गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राजर्षि वर्मा ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की ओर से उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।

इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसके घर आने पर दबिश देकर उसे राशन डीलर अजय कुमार पुत्र कमल सिंह मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पुछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव, कांस्टेबल सुशील कुमार, अजय कुमार आदि शामिल थे।

# अमेरीकी राजदूत ने केवलादेव उद्यान घना का भ्रमण किया

## अमेरिकी राजदूत ने घना उद्यान में पक्षियों की विभिन्न कलरव क्रीड़ाओं को देखा

**भरतपुर, (निसं)।** अमेरिकी राजदूत पेट्रिशिया ए लैंसीना शनिवार को दो दिवसीय भरतपुर दौरे पर आई हुई है। अमरीकी राजदूत पेट्रिशिया आगरा से फतेहपुर सीकरी का बुलन्द दरवाजा को देखने के लिए सड़क मार्ग से भरतपुर आई, जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

रविवार को अमरीकी राजदूत पेट्रिशिया ने विश्वविख्यात राष्ट्रीय केवलादेव उद्यान घना का भ्रमण किया। अमेरिकी राजदूत घना उद्यान में पक्षियों की विभिन्न कलरव क्रीडाओं को देखकर काफी प्रसन्न नजर आई। उन्होंने पक्षियों की जलीय क्रीडा एवं विभिन्न क्षेत्रों में पक्षियों को निहारा। उन्होंने टेलिस्कोप दूरबीन के माध्यम से पक्षियों को करीब से निहारा। गाइड स्पेशलिस्ट तरुण जैन ने अमेरिकी राजदूत को पक्षियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशासन एवं घना के अधिकारी मौजूद रहे। इससे एक दिन पहले अमरीकी राजदूत पेट्रिशिया ने शाम को लोहागढ़ फोर्ट के अंदर स्थित म्यूजियम को देखा और लोहागढ़ फोर्ट सहित यहाँ के इतिहास के बारे में जानकारी ली। उन्होनें लोहागढ़ फोर्ट व म्यूजियम में रखी शाही और प्राचीन इतिहास से जुड़ी विरासतों को देखा। उन्होंने जाट राजाओं के इतिहास और उनके युद्ध कौशल के इतिहास के बारे में भी जानकारी ली। म्यूजियम में रखे एतिहासिक हथियार देखे। म्यूजियम में रखी दूसरी सदी से लेकर 19वीं सदी की शिलाओं और प्रतिमाओं एवं अन्य विरासतों के बारे में जानकारी ली। लोहागढ़ फोर्ट की कला को देख वे काफी खुश नजर आई। इसी प्रकार म्यूजियम की विरासत को भी सराहा। रविवार सुबह विश्व विरासत केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उधान को देखने के बाद दोपहर बाद अमेरिकी राजदूत भरतपुर से रवाना हो गई।

- अमेरिकी राजदूत पेट्रिशिया ए लैंसीना शनिवार को दो दिवसीय भरतपुर दौरे पर आई थी
- म्यूजियम में रखी दूसरी सदी से लेकर 19वीं सदी की शिलाओं और प्रतिमाओं के बारे में जानकारी ली

# 63 लाख का डोडा-चूरा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

## पिकअप में प्याज के कट्टों के नीचे छुपाकर रखे काले प्लास्टिक के कट्टों में मिला डोडा-चूरा

**रामगंजमंडी, (निसं)।** मोडक पुलिस ने शनिवार को अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार व एक पिकअप जब्त किया। जब्त डोडा-चूरा 415किलोग्राम बताया गया है जिसकी अन्तराष्ट्रीय कीमत 63 लाख रूपये है।

जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण करण शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जिला कोटा ग्रामीण द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभियान के दौरान 11 मई शनिवार को थाना मोडक पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा के साथ कार्यवाही करते हुये दो तस्कर गिरफ्तार किये व एक पिकअप जप्त करने में सफलता प्राप्त की।




मोडक पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे। अभियान एरिया डोमिनेन्श के सफल क्रियान्वन हेतु अति. पुलिस अधीक्षक रविन्द्र सिंह के सुपरविजन तथा पुलिस उप अधीक्षक रामगंजमण्डी नरेन्द्र पारीक के निर्देशन में थानाधिकारी मोडक योगेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा आसूचना संकलन व इलाका थाना में सम्भावित स्थान व संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग व नाकाबंदी प्रारम्भ की गयी। दौराने चैकिंग व नाकाबंदी के शनिवार को मोदीजी की कोठी के पास मोडक स्टेशन पर एक पिकअप में प्याज के कट्टों के नीचे छुपाकर रखे काले रंग के 21 प्लास्टिक के कट्टों में 415 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जप्त कर कार्यवाही करते हुये मादक पदार्थ तस्कर पिकअप चालक कारूलाल पुत्र रामनारायण माली निवासी नीमथूर थाना भानपुरा जिला मंदसौर व पिकअप में बैठा अन्य व्यक्ति बालचंद पुत्र नंदलाल निवासी नीमथूर थाना भानपुरा जिला मंदसौर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया।

- मोडक पुलिस की अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## संक्षिप्त

### केशव पारीक तहसील अध्यक्ष



केशव पारीक

**मालपुरा, (निसं)।** अन्तर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ कोर कमेटी सदस्य दिनेश पाराशर, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, टोंक जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा की अभिशंषा पर मालपुरा निवासी केशव पारीक को महासंघ के बैनर तले मालपुरा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पारीक ने पूर्णनिष्ठा व ईमानदारी से समाज व संगठन हित मे कार्य करने का विश्वास दिलाया।

### मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**दूदू, (निसं)।** मालपुरा रोड स्थित रघुनाथ कालोनी में चोरों के गिरोह द्वारा परिवार के लोगों के शादी में जाने के दौरान पीछे से ताला तोडकर चार लाख रुपए नकद एवं आभूषण चुराकर ले जाने की वारदात को अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगल राम बैरवा अपने परिवार के सदस्यों के साथ भतीजे की शादी में गया हुआ था। पीछे से वापस आकर देखा तो सामान बिखरा हुआ पडा मिला तथा वहां रखी नगद राशि एवं शादी के लिए तैयार करवाए गए आभूषण नहीं मिले। घटना की सूचना पुलिस थाना दूदू में दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा साक्ष्य जुटाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### तीन मकानों के टूटे ताले

**मालपुरा,(निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के अडुस्या गांव में शनिवार की रात्री को शातिर चोरों ने रैकी कर अडुस्या निवासी धन्नालाल, रामकरण व उगमा के मकान के ताले तोड चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। एक ही रात में तीन मकानों में हुई चोरी की वारदात का पता रविवार की सवेरे जाग होने व कमरों में बिखरे सामान को देखने पर लगा। पीडित परिवारों ने थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को पीडितों ने चोरों द्वारा सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चुरा ले जाने की जानकारी दी।

### शान्तिभंग में चार लोग गिरफ्तार

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा थाना पुलिस ने रविवार को चार लोगों को शान्ति भंग में गिरफ्तार किया। पुलिस ने कस्बे में नशे के अवैध कारोबार एवं नशेडियों पर कार्यवाही करते हुए रविवार को शाहपुरा के वार्ड नंबर 25 निवासी अमीत कुमार गुर्जर, वार्ड नंबर 3 निवासी उमेश कुमार जाट, देवन निवासी सुनील कुमार जाट, भानीपुरा निवासी सोहनलाल यादव को नशे में उत्पात मचाने पर गिरफ्तार कर लिया।

### शंकर सिंह निर्विरोध अध्यक्ष घोषित

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** मन्दिर समिति सदस्य नीलू शर्मा (जांगिड) ने बताया कि गणेश मन्दिर प्रन्यास समिति झोटवाडा तारानगर में रविवार को एक आम सभा का आयोजन किया गया। आमसभा में कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और सभी ने मन्दिर के विकास और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अपनी बात रखी। वर्तमान में शंकर सिंह मनोहर, अध्यक्ष, गणेश मन्दिर प्रन्यास समिति के द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। मुख्य रूप से मन्दिर का जो जीर्णोद्धार किया जा रहा है उसकी विशेष प्रशंसा की गई। अन्त में सर्वसम्मति से शंकर सिंह मनोहर को आगामी दो वर्षों के लिए निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान आज

**दूदू, (निसं)।** जिला प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा दूदू नरेना मालपुरा फागी रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सोमवार 13 मई को अतिक्रमण हटाने की पूरी तैयारी कर ली है। नगर परिषद क्षेत्र की सीमा में किए गए अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा 12 मई तक का समय देकर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# विस्फोटक पदार्थ के फटने से युवक के हाथ के उड़े चिथड़े

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छितोली के बरहमपुर गांव में रास्ते में एक पॉलीथीन में पडे मिले बॉलनुमा विस्फोटक पदार्थ से एक युवक के हाथ का पंजा व अंगुलिया फट गई है।

घायल युवक अशोक पुत्र मनीष यादव उम्र 17 साल अपने चचेरे भाई सतीश उम्र 12 साल के साथ घर के पीछे वन्य क्षेत्र में करीब 500 मी. घूमने गया हुआ था। रास्ते में प्लास्टिक की थैली में बंधी बॉलनुमा वस्तु को छूते ही उसमें विस्फोट हो गया। जिससे मनीष की हथेली व अंगुलिया पूरी तरह फट गई व हाथ पूरी तरह से खराब हो गया।

विस्फोटक पदार्थ के फटने से हथेली सहित अंगुलिया चिथडे चिथडे हो गई व थोडी देर बाद में घायल युवक बेहोश हो गया। सतीश यादव ने बताया कि बम एक छोटी पॉलिथीन में धागे से बंधा हुआ था जिसमें पीला कलर का बारूद था। युवक काफी लहूलुहान हो गया जिसको तुरंत



घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी जन आक्रोश है।

विराटनगर सीएचसी ले जाया गया। वहां से डॉक्टर ने घायल युवक को जयपुर रैफर कर दिया। जिसका एसएमएस में जिसका इलाज जारी है। उसके बाद ग्रामीणों ने विराटनगर थाना पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर आकर घटनास्थल का जायजा लेते हुए मामला दर्ज किया। इस घटना को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में काफी जन आक्रोश है। हरिराम यादव सहित ग्रामीणों ने मामले की जांच पडताल कर उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की। क्षेत्र में कयास लगाए

- उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग

जा रहे हैं कि शिकारियों द्वारा यह विस्फोटक पदार्थ जंगली जानवरों के शिकार के लिए डाला गया होगा। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोहरलाल ने शिकायत पर विस्फोट से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है व जांच की जा रही है। विराटनगर थाना अधिकारी मनोहर लाल मीणा ने बताया कि घटनास्थल की गहन तलाशी करते हुए सबूत एकत्रित किए गए है। मामले की तहकीकात जारी है। मनीष के चाचा अशोक यादव ने बताया कि मनीष के पिता अशोक गांव में ही एक परचूनी छोटी दुकान चलाता है मनीष के दो बहने जिसकी एक महीने पहले शादी की है। घर वालों की अब पूरी उमीद मनीष यादव से थी कि इसके नौकरी लगने से घर की आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थोई थाना अन्तर्गत थोई बामरडा स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स के पास एक बाईक व लकडियों से भरी ट्रैक्टर ट्रोली की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार अधेड की मौत हो गई।

जानकारी अनुसार बाइक सवार अधेड लांबा वाली ढाणी तन रामपुरा थोई बनवारीलाल लांबा जो कि बाईक से खाटूश्यामजी दर्शन कर वापस घर लौट रहा था कि अचानक रास्ते में सडक हादसे का शिकार हो गया जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सडक हादसे के बाद मौके पर ही लकडियों से भरे ट्रैक्टर ट्रोली को छोडकर चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर घटनास्थल पर थोई पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सीएचसी मोर्चरी में रखवाया। इधर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रोली को जप्त कर थाने पर खडा किया। परिजनों की दी मृग रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोष्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक बनवारीलाल लांबा जो कि मार्बल्स टाइल्स का कार्य करता है और अभी कुछ दिन पहले ही परिवार में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था। फिलहाल पुलिस मामलें की जांच कर रही हैं।

## बन्दरों को पकड़ने की मांग

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा नगरपालिका के वार्ड नंबर 6 में स्थित वृन्दावन विहार कॉलोनी में रविवार को बन्दरों के एक झुंड ने हमला कर एक महिला व एक बच्चे को काट लिया। कॉलोनी के निवासी लचमन जाला ने बताया कि रविवार को दुर्गा देवी जाँगिड व लक्ष्य सैनी अपने मकान की छत पर बैठे हुए थे तभी बन्दरों ने आकर काट लिया। आसपास के लोगों ने भागकर बन्दरों से उनको छुडवाया। बाद में महिला व बच्चे को राजकीय चिकित्सालय में ले जाकर उपचार करवाया। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि बन्दरों के आतंक से लोग परेशान है। आये दिन बन्दर मकानों की छतों पर चढकर धमा चकोडी मचाते है जब बन्दरो को भगाने जाते है तो बन्दरों का झुंड भगाने वाले पर हमला कर देते है। मकानों की छतों से बन्दर कपडे व खाने पीने की वस्तुएं भी उठा ले जाते है।

## वरिष्ठजनों का सम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणापुंज साबित होगा : जूली

**अलवर, (निसं)।** मेघवाल विकास समिति की ओर से वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह एवं दूरभाषिका का विमोचन समारोह वैशाली नगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिपक्ष नेता व अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली रहे। कार्यक्रम में मुंडावर विधायक एवं अलवर लोकसभा प्रत्याशी ललित यादव अतिथि रहे।

इस अवसर पर जूली ने समाज के उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मेघवाल विकास समिति द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में न केवल समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया है बल्कि यह सम्मान समारोह समाज के युवाओं में तथा आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणापुंज साबित होगा।

उन्होंने कहा कि समाज को पथ प्रदर्शक के रूप में बुलंदियों की ऊंचाई पर पहुंचाने वाले 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का यह सम्मान समारोह कार्यक्रम समाज का नया दर्पण बनेगा तथा दूरभाषीका संग्रह समाज के



मेघवाल विकास समिति की ओर से वरिष्ठ नागरिक एवं दूरभाषिका पत्रिका विमोचन सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

लोगों को एक मंच पर लाने एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ने तथा आपस में कनेक्ट करने में निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मुंडावर विधायक ललित यादव, काशीराम पालीवाल, एम आर सांवरिया, करण सिंह छाचिया, धर्मपाल सिंह, वेद प्रकाश गोठवाल, राजाराम आर्य, कृष्ण कुमार, मामराज अहरोदिया, सुंदरलाल भटेडिया, रोहताश, सुरेश कानूनगो, हंसराज, दिनेश, मूलचंद भादरिया, जगन् राम आर्य सहित समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए।



**टोंक में गहलोद घाट से जा रहे निर्माणाधीन पुल के 4 गर्डर पिछले शनिवार देर रात्रि को गिर गया। 134.07 करोड रूपये की लागत से इस पुल का निर्माण कार्य किया जाना स्वीकृत हुआ है तथा इसमें दो बिल्डर्स आर.के गेन एवं ज्योति बिल्डर्स मिलकर इसका निर्माण कार्य कर रहे है। निर्माण कार्य मई 2024 तक पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन गर्डर गिर जाने की वजह से लगभग 40-45 दिन का समय कार्य पूरा होने में लग सकता है। निर्माण साईट पर कार्यरत प्रबन्धक पवन का कहना है कि राज्य में किसी भी नदी पर बनने वाला सबसे लम्बा ब्रिज है। इसकी लम्बाई 3 किलोमीटर है, जिसे 50 पिलर्स के साथ खड़ा किया जायेगा और एक पिलर से दूसरे पिलर की दूरी 40 मीटर बताई हैं। हादसे के कारणों पर सवाल किये गये तो उनका कहना था कि इन गर्डरस के गिरने से लगभग 1.5 करोड की मेटेरियल सम्बन्धी हानि हुई तथा लेबर और समय बढने से भी नुकसान हुआ है। उन्होने तकनीकी स्तर पर रही खामियां पर कहा कि पिलर्स तो खडे हो गये थे और लेबरर्स काम करती हुई आगे बढ रही थी। इनके क्रोस गडरर्स पर निर्माण का एक प्रोसेस होता है, जहां इनके गडरर्स पर स्टील का उपयोग करते हुए कॉस्टिंग भी की जाती है, लेकिन कॉस्टिंग का कार्य बाकी था क्योंकि लेबर पीछे काम कर रही थी और शनिवार की रात्रि अचानक चली तेज हवाऐं और साईक्लोन जैसा बवन्डर बन जाने से इन गडरर्स को इन तेज हवाओं ने पूरी तरह प्रभावित किया और तेज हवाओं के झोंको को यह बर्दास्त नहीं कर सके। इस हादसे में किसी प्रकार के जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।**

## लूट का शिकार पीड़ित ने एसएमएस में तोड़ा दम

**देवली, (निसं)।** लुटेरों के हमले से घायल पीडित ने जयपुर एसएमएस में उपचार दौरान दम तोड दिया है लेकिन पीडित की हत्या के आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर बने हुए हैं।

उल्लेखनीय है की अभी हाल ही में दो सप्ताह पहले शहर के निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने शहर निवासी लाल सिंह घोसी का गला रेत कर लाखों की नगदी और सोने के आभूषण लूट कर मौके से फरार हो गए थे। लुटेरे बदमाशों के आत्मघाती हमले से शहर की घोसी मोहल्ला निवासी लाल सिंह ग्वाला बुरी तरह घायल हो गया था जिसे स्थानीय राजकीय चिकित्सालय से जयपुर एसएमएस में रेफर कर दिया था। तभी से जयपुर एसएमएस में पीडित का उपचार चल रहा था लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं होने के कारण लाल सिंह ने रविवार 12 मई को उपचार दौरान दम तोड दिया। पीडित के साथ हुई इस घटना के बाद से ही शहर में आज तक लुटेरे हमलावरों का भय व्याप्त हो रहा है।

यहां बने ऐसे हालातो के बीच हनुमान नगर थाना पुलिस लूट एवं हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने में आज

- दो सप्ताह गुजर जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर

तक नाकाम बनी हुई है। मामले को लेकर पीडित के परिजनों ने हनुमान नगर पुलिस थाना में प्रकरण दर्ज करवाया और लूट व हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

गौरतलब है कि इस मामले को लेकर उक्त दौरान पुलिस मौका स्थल पर पहुंची जहां हनुमान नगर थाना पुलिस ने घटनास्थल से सब्जी काटने का चाकू शराब और बीयर की बोतले बरामद की लेकिन 2 सप्ताह गुजर जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम बनी हुई है। उक्त दौरान हुई इस घटना के मामले में पुलिस की जांच कछुआ गति पर सुस्त दिखाई पड रही है। सूचना को लेकर हनुमान नगर थाना से मृतक लाल सिंह का पोस्टमार्टम करने के लिए पुलिसकर्मी जयपुर पहुंचे। लेकिन यहां 12 दिन पहले हुई इस घटना के पीडित लाल सिंह की मौत की सूचना के बाद से एक बार फिर शहर में सनसनी मच गई है।

# चिकित्सा सेवाओं में नर्सेंज रीढ़ की हड्डी : डॉ. माहेश्वरी

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन द्वारा अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस असहाय व कैंसर पीडित मरीजों की सेवा के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक माहेश्वरी ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं में नर्सेज रीढ की हड्डी है।

अध्यक्षता करते अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा कि चिकित्सालय के प्रबंधन व व्यवस्थाओं में नर्सेज की अहम भूमिका रहती है। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, जिलाध्यक्ष अजय सिंह, जिला महामंत्री हरिसिंह भाटी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संयोजक अरविंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा, इंचार्ज रामरूप मीणा, मुकेश



सीएचसी कर्मचारियों ने मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मीणा, गीगाराम, सुरेश यादव, रत्तिराम यादव, विनोद सैन, सुरेश वर्मा, उदयसिंह राठौड, सम्पत्ति चौधरी, गिरधारी लाल समेत सैकडों नर्सेज मौजूद रहे।

- अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया

श्रीमाधोपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक यादव की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया। सीएचसी कर्मचारियों ने मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नर्सों के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर नर्सिंग आफिसर उमराव सिंह, रतन सिंह शेखावत, महावीर प्रसाद, सुरेंद्र कुमार सौंथलिया, सुदेश शेखावत, अंजना गुरावा, श्यामसुंदर दीक्षित, केदार मल सैनी, कोयली देवी, लीलाधर कुमावत, लेखराज सैनी, भूपेंद्र सिंह समेत सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**सांभरझील, (निसं)।** गुढा रेलवे स्टेशन से सांभर के मध्य रेलवे के 11 नंबर क्वार्टर के पास झाड़ियों में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस और रेलवे प्रशासन समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं कर सका। बताया जा रहा है कि मृतक की लाश करीब 6 दिन पुरानी है, जिसके ट्रेन की चपेट में आने का अंदेशा भी बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि रात को ढाई बजे एक शव मिलने की सूचना पर हेड कांस्टेबल के साथ पुलिस प्रशासन घटनास्थल पहुंचा। रात को हुई बरसात से चारों ओर पानी भरने से वाहन दलदल में फंस गए। स्थानीय पुलिस को जीआरपी, आरपीएफ, डीआरएम, स्टेशन मास्टर और रेलवे विभाग के उच्चाधिकारियों की तरफ से कोई सहायता उपलब्ध नहीं करवाई गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन की कार्यशैली से नाराज हो रेलवे ट्रैक पर इकट्ठा हो गए तथा एक ट्रेन को रुकवा शव को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

## सार-समाचार

### छुट्टनलाल व घीरसिंह अध्यक्ष बने

**किशनगढबास, (निसं)।** अंबेडकर जन कल्याण समिति व मेघवाल विकास समिति के चुनाव संपन्न हुए। अंबेडकर जनकल्याण विकास समिति के अध्यक्ष पद पर छुट्टन लाल व मेघवाल विकास समिति के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर घीरसिंह को चुना गया है। इसके अलावा अंबेडकर जनकल्याण विकास समिति के महासचिव पद पर प्रदीप संगवैया कोषाध्यक्ष मदनलाल एवं संरक्षक गोरा सिंह को बनाया गया है। इसी प्रकार मेघवाल विकास समिति के ब्लॉक के महासचिव पद पर देवी सिंह कोषाध्यक्ष जयराम एवं संरक्षक शिवलाल को बनाया गया है। इस दौरान समाज के बनवारी लाल हरद्वारी मोहनलाल रतीराम सुधा बसवाल जगन सिंह कमल सिंह मनीराम लालमन रामस्वरूप लोकेश राजेश रामनाथ आदि मौजूद थे।

### पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**शाहपुरा, (निसं)।** उपखंड के ग्राम बिदारा में रविवार को गर्मी में पक्षियों के लिए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर के नेतृत्व में युवाओं ने सार्वजनिक स्थानों पर 20 परिंडे व दाना स्टैंड लगाकर उनकी नियमित सार-संभाल करने व चुग्गा-पानी का प्रबंध करने का संकल्प लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.बुनकर ने बताया कि परिंडा लगाओ अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर परिंडे लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत गांव में 100 परिंडे लगाए जाएंगे। गांव के सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाकर उनमें पानी भरा गया। कहा कि गर्मी को देखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने युवाओं व आमजन को घर-घर परिंडे बांधने के लिए प्रेरित किया। अध्यापक मनोज कुमार बुनकर,ग्राम विकास अधिकारी नीरज कुमार बुनकर व मुकेश कुमार बुनकर ने कहा कि गर्मी में पक्षियों के लिए दाना, पानी की व्यवस्था करना पुनीत कार्य है। इस मौसम में पानी की अधिक जरूरत होती है। पानी के अभाव में प्यास से कई पक्षी दम तोड देते हैं। इसलिए सभी को अपने आसपास पेडों पर परिंडे बांधकर या पात्रों में जल जरूर रखना चाहिए। इस दौरान मनोज कुमार ब्रजवाल, कोमल ब्रजवाल, अशोक कुमार, सचिन वर्मा, रणवीर ब्रजवाल, विजय कुमार बुनकर, अनिकेत बुनकर सहित कई लोग मौजूद रहे।

### प्रिया राठौड़ का भव्य सम्मान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रुपपुरा उदलवास में सीकर जिले के प्रतापपुरा की बेटी प्रिया राठौड का सम्मान किया गया। नाना शायर सिंह शेखावत ने बताया कि प्रिया राठौड ने अफ्रीका के बेनिन में संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या और विकास आयोग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीपीडी 30 में भारत का नेतृत्व कर भारत में युवाओं के मुद्दे, महिला स्वास्थ्य और लैंगिक हिंसा पर अपना वक्तव्य विभिन्न देशों के सामने रखा था। रविवार को अपने ननिहाल रुपपुरा पहुंचने पर प्रिया राठौड का गणमान्य लोगों के द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान रूप सिंह शेखावत, भोलू सिंह शेखावत, नरेंद्र सिंह शेखावत, राकेश शर्मा, नारायण शर्मा, राहुल सिंह, सुरेंद्र यादव, सांवर सिंह, करण सिंह, शंकर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रिया राठौड संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी में यूएनएफपीए में युवा पैराकोर है।

### बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के टोल प्लाजा स्थित ऑक्सफोर्ड विद्यालय में रविवार को प्रथम वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहा कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि शंकर लाल मित्तल, विशिष्ट अतिथि सुवालाल हलकारा, हंसराज पोषवाल. बलदेव मान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बालक बालकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगा रंग प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार गुर्जर ने विद्यालय का सत्र 2023-24 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, साथ ही विद्यालय के निदेशक रामफूल यादव ने आगामी सत्र 2024-25 की कार्य योजना पर प्रकाश डाला।वही कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान बालकों को पुरुस्कृत किया गया साथ ही वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने पर विद्यालय के स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधालय के प्रधानाचार्य चतुर्भुज ब्रह्मभट्ट ने अतिथि परिचय एवं मैनेजिंग डायरेक्टर हेमन्त शर्मा एवं डायरेक्टर शंकर लाल गुर्जर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### अचानक ब्रेक लगाने से पांच वाहन भिड़े

**पावटा, (निसं)।** दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर गत्त रात्रि बावडी मंदिर के सामने तेज गति से आगे चल रहे कंटेनर वाहन के अचानक ब्रेक लगाने के कारण एक के बाद एक वाहन आपस में भिड गए। इस घटना मे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। शनिवार रात को दिल्ली की ओर से जा रहे कंटेनर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिए जाने के कारण पीछे आ रही मारुति कार, ट्रेलर व तीन लग्जरी कारे क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक आगे चल रहे कंटेनर चालक द्वारा ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रहे वाहन आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस हादसे मे कोई जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस से हेड कांस्टेबल विनोद यादव ने बताया कि रात्रि 9 बजे के करीब बावडी मंदिर के सामने राजमार्ग 48 पर दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर जाप्ता के साथ पहुंचे। एक के बाद एक हुई दुर्घटना से दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। प्रागपुरा थाना पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को एक तरफा करवाकर यातायात सुचारू करवाया। दुर्घटना में किसी को भी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई है।

### किसान से मारपीट कर लूट की वारदात

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के भाडोती-सवाई माधोपुर सडक मार्ग पर हरसोता गांव के पास कार में सवार होकर आए करीब सात लुटेरे ने खेत पर रखवाली कर घर लौट रहे किसान को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया एवं उसके पास से करीब 23 हजार रुपए की नगदी व मोबाइल छीनकर ले गए। पीडित किसान ने इस मामले को लेकर बौंली पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीडित किसान शंभू दयाल यादव निवासी हरसोता ने बताया कि वह सडक के पास अपने खेत पर रखे चारे को संभालने गया हुआ था एवं बाइक को सडक के पास लगा रखा था। खेत पर संभालने के पास जब वापस लौटा और बाइक पर बैठने लगा तो खिरनी रोड की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की कार में से करीब 7 लोग उतरे एवं मेरे साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी जिससे वह बेहोश हो गया अज्ञात लुटेरे 23हजार रुपए की नगदी मोबाइल व बाइक की चाबी लेकर फरार हो गए कुछ देर बाद होश में आने पर वह कुछ आगे आया तो ग्रामीणों ने मुझे खिरनी चिकित्सालय ले जाकर उपचार कराया एवं दोपहर के बाद बौंली पुलिस थाने में पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। किसान के सिर, पेर व अनेकों जगह चोटे आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### मिट्टी के दानों की आई लैब रिपोर्ट बनी चर्चा

**मालपुरा (निस)।** व्यापारियो की शिकायत पर शनिवार को थाना पुलिस द्वारा मंडी परिसर से सरसो नुमा काली मिट्टी के दानों से भरी ट्रक जप्त करने व दाना सप्लायर द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के साथ-साथ व्यापारियों द्वारा सरसों में मिलावट के लिये बनाये गये केमिकल युक्त मिट्टी के दानों की करवाई लैब रिपोर्ट में मिट्टी में 33 प्रतिशत लैब का आंकडा आने के बाद लैब रिपोर्ट की पर्ची सोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वही मंडी के व्यापारी मिलावट के खेल के तार सरकारी खरीद केन्द्र व सरकारी वेयर हाऊस के गोदामों तक जुडे होने की आशंका जता रही है। अनुसंधान अधिकारी रामनारायण गुर्जर ने बताया कि पकडे गये मिट्टी के दानो को एफएसएल जांच के लिये भेजा जायेगा।

आवश्यकता
आवश्यकता है पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की जो हिन्दी में पेजमेकर, क्वार्क और वर्ड में काम कर सकें।
समय: सांय 8.00 से 12.00
सम्पर्क करें: प्रोडक्शन मैनेजर
राष्ट्रदूत
चमेली वाला मार्केट, जयपुर



टॉस के बाद पहले बैटिंग चुनने का फैसला गलत साबित हुआ। दूसरी पारी में यह पिच बैटिंग के लिए ज्यादा अच्छी होती चली गई। इसके विपरीत सीएसके के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की।

- संजू सैमसन

आरआर के कप्तान, चैन्नई से मिली हार पर कहा।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## रीता शेरपा



नेपाल के दिग्गज पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को इतिहास रचते हुए 29वीं बार दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। उन्होंने इस दौरान सर्वाधिक बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा।पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार, 54 वर्षीय यह अनुभवी पर्वतारोही रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 7:25 बजे 8849 मीटर की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक पहुंचा। इसका आयोजन सेवन समित ट्रेक्स ने किया था जिसमें 20 पर्वतारोही शामिल थे और इन पर्वतारोहियों ने रविवार सुबह चढ़ाई पूरी की।

**क्या आप जानते हैं ?...** जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर पहला वनडे और पहला टेस्ट भारत व पाकिस्तान के मध्य खेला गया।

# बेंगलुरु की लगातार 5वीं जीत, प्लेऑफ की उम्मीदें कायम

## दिल्ली को 47 रनों से हराया, पाटीदार की फिफ्टी, यश दयाल को 3 विकेट



बेंगलुरु, 12 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार 5वीं जीत हासिल की। टीम ने मौजूदा सीजन के 62वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराया। इस जीत से ने प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखीं। टीम 12 अंक के साथ 5वें नंबर पर आ गई। वहीं, दिल्ली छठे नंबर पर आ गई है।

दिल्ली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु ने होमठाग्राउंड पर 20 ओवर में 9 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 19.1 ओवर में 140 रन पर ऑलआउट हो गई।

रजत पाटीदार ने 32 बॉल पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि विल जैक्स ने 41 रन बनाए। विराट कोहली ने 3 छक्के के सहारे 27 रन बनाए। कैमरन ग्रीन ने नाबाद 32 रन की पारी खेली। खलील अहमद और रसिख सलाम को 2-2 विकेट मिले। ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

कप्तान अक्षर पटेल ने 57 रनों की पारी खेली। शाई होप 29 और जैक फ्रेजर-मैगर्क 21 रन बनाकर आउट हुए। यश दयाल को 3 और लॉकी फर्ग्यूसन को 2-2 विकेट मिले। स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और कैमरन ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए।

आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंआरसीबी की शुरुआत खबरा रही और उसने तीसरे ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी (6) का विकेट गवां दिया। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। चौथे ओवर में विराट कोहली भी पेवलियन लौट गये। उन्हें इशांत शर्मा ने आउट किया। विराट कोहली ने 13 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए (27) रनों की पारी खेली। शीर्ष दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिये 88 रनों की साझेदारी हुई।

विल जैस ने 29 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (41) रन बनाये। रजत पाटीदार 32 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से (52) रनों की पारी खेली। महिपाल लोमरोर (13) रन बनाकर आउट हुये। कैमरन ठाीन ने 24 गेंदों में नाबाद (32) रनों की पारी खेली। एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही आरसीबी आखिरी पांच ओवर में पांच विकेट गवां कर नौ विकेट पर 187 के स्कोर ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खलील अहमद और रसिख सलाम ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इशांत शर्मा, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया

## पहले नौ में से आठ जीत, प्लेऑफ के करीब पहुंचने पर लगातार तीन हार, राजस्थान की गाड़ी पटरी से उतरी



चेन्नई, 12 मई। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांड की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। आठवें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये।

जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।

# केएम दीक्षा ने ट्रैक फेस्ट मीट में 1500 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



लॉस एंजिल्स, 12 मई। भारतीय धावक केएम दीक्षा ने ट्रैक फेस्ट 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में शनिवार को जैक केम्प स्टेडियम में हुई ट्रैक फेस्ट स्पर्धा में 25 वर्षीय केएम दीक्षा 4:04.78 के समय साथ तीसरे स्थान पर रही।

अमेरिका की क्रिसी गियर ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ 4:03.65 समय के साथ दौड़ में शीर्ष पर रही। इस कैटेगरी में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग समय 4:02.50 है।

ट्रैक फेस्ट 2024 विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज लेवल का स्पर्धा थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सहित कुल 10 भारतीय धावकों ने हिस्सा लिया। वहीं अविनाश साबले ने पुरुषों की 5000 मीटर में 13:20.37 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह 13:31.65 के साथ उसी दौड़ में पांचवें स्थान पर रहे। ग्वाटेमाला के लुइस ग्रिजाल्वा ने 13:16.53 के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

साबले ने पिछले साल इसी प्रतियोगिता में पुरुषों की 5000 मीटर में 13:19.30 का भारत का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग समय 13:05.00 है। पुरुषों की 5000 मीटर सेक्शन 2 दौड़ में, अभिषेक पाल ने अपने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ 13:49.42 का समय निकालकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

महिलाओं की 5000 मीटर में पारुल चौधरी 0.34 सेकेंड से अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड दोबारा बनाने से चूक गईं। वह 15:10.69 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि अंकिता 15:28.08 के नए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 10वें स्थान पर रहीं।

पेरिस 2024 के लिए प्रवेश मानक समय 14:52.00 है। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के सिफान हसन ने 14:58.83 समय के साथ रेस जीती। 2023 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार 28:07.66 समय के साथ 10,000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे।

## एमिटी इंडियन नेशनल ने विक्ट्री फुटबॉल क्लब को हराया

नयी दिल्ली, 12 मई। डीएसए ए डिवीजन लीग में रविवार को नेहरू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में एमिटी इंडियन नेशनल एफसी ने एकतरफा अंदाज में विक्ट्री फुटबाल क्लब को 6-2 से हरा कर अभियान शुरूआत की। उधर विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुये सीनियर डिवीजन लीग में सिटी और शास्त्री क्लब का मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा।

एमिटी नेशनल की जीत का आकर्षण विकास दयाल और मयंक देशवाल ने दो-दो गोल किये। हितेश कादयान और दिनेश गुज्जर ने एक एक गोल बांटे। पराजित विक्ट्री के गोल हाओकीप और मातेलोंगीमोन ने किए।

शास्त्री क्लब का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच ब्लासको का गोल रहा, जिसके लिए उसे प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। सिटी को बढ़त दिलाने वाला गोल आफताब ने किया।

ए डिवीजन मुकाबलों में एमिटी नेशनल मजबूत टीम बन कर उभरी है। दाद देनी होगी विक्ट्री के गोप कीपर राहुल सिंह कैता की उन्होंने छह से अधिक बार सुंदर बचाव किए।

# जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

## जिम्बाब्वे ने आखिरी मैच जीतकर बांग्लादेश को क्लीनस्वीप करने से रोका



मीरपुर, 12 मई। ब्रायन बेनेट (70)के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बंगलादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है।

टी-20 विश्वकप 2024 के शुरु होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के मद्देजनर बंगलादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरुआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी। ऐसे में आज खेले गये सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बंगलादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे की यह जीत शीर्ष टीमों के लिये चेतावनी है कि वह उन्हें हल्के में ना ले।

आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बंगलादेश को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बंगलादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया था। बंगलादेश के लिए महमुदउल्लाह ने 44गेंदों में (54), कप्तान नजमुल शान्तो 28 गेंदों में (36), शाकिब अल हसन (21), जाकेर अली नाबाद (24), मोहम्मद सैफुद्दीन नाबाद (6), सौम्य सरकार (7) रन बनाये। बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को जीत के लिए 158 रनों का लक्ष्य दिया था। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजाराबानी और ब्रायन बेनेट ने दो-दो विकेट लिये। वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा और ल्यूक जॉन्गवे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में तड़िवनाशे मारुमानी (1) रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद ब्रायन बेनेट और कप्तान सिकंदर रजा ने पारी को संभाला।

दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिये 75 रनों की साझेदारी हुई। ब्रायन बेनेट ने 49 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए 70 रन बनाये। वहीं सिकंदर रजा ने 46 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुये नाबाद 72 रनों की पारी खेली। जोनाथन कैंपबेल आठ रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की टीम ने सिर्फ दो विकेट खोकर 18.3 ओवर में 158 रन बनाकर पर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से शाकिब अल हसन और मोहम्मद सैफुद्दीन ने एक-एक विकेट लिये।

# रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने के साथ होंगे तीन बदलाव

नई दिल्ली, 12 मई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने के साथ ही तीन बदलाव करने जा रही है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 2024-2025 के घरेलू सीजन के लिए एपेक्स काउंसिल को तीन बड़ी सिफारिशें भेजी हैं। जिनमें रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में करना, अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म करना और दलीप ट्रॉफी के लिए जोन टीमों का चयन नेशनल सिलेक्शन कमिटी की ओर से किया जाना शामिल है।

रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह अब चार दिन का गैप होगा। दरअसल पिछले साल शार्दूल ठाकुर ने कहा था कि रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच गैप कम है, पहले ग्रुप मैचों के बीच 4 दिन और नॉक आउट मैचों के बीच 5 दिन का गैप होता था। अगर मैचों का ऐसा शेड्यूल दो-तीन साल ऐसा ही रहा तो देश के कई युवा खिलाड़ी चोटों से जूझते नजर आएंगे। शार्दूल की बात तो ने गंभीरता से लिया।

अब रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने की योजना तैयार की है। रणजी ट्रॉफी अब जनवरी के बजाय सितंबर के आखिर या अक्टूबर के शुरुआत में कराया जाएगा। शुरुआती चरणों के 5 राउंड के मैचों के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के मैच होंगे।

वहीं उसके बाद रणजी राउंड के दूसरे चरण में तीन राउंड और नॉकआउट के मैच होंगे। 2023-2024 सीजन में रणजी के मैच जनवरी में हुए थे। इस दौरान मौसम की खराबी की वजह से कई मैचों में बाधा उत्पन्न हुई थी। इसलिए इसे अब सितंबर-अक्टूबर में कराया जाएगा।

## जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सीन विलियमस ने सन्यास लिया

जिम्बाब्वे, 12 मई। इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक पहले जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को एक तगड़ा झटका लगा है। उनके स्टार ऑलराउंडर सीन विलियमस ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। 37 साल के विलियमस ने बांग्लादेश के खिलाफ 5वें टी20 मैच के बाद यह फैसला लिया. बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होगा। जिम्बाब्वे को बांग्लादेश के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में 1-4 से हार झेलनी पड़ी। टीम ने आखिरी मुकाबला जीता है। यह विलियमस के टी20 इंटरनेशनल करियर का भी आखिरी मैच रहा। विलियमस ने इस सीरीज का पहला और आखिरी मैच ही खेला। रिपोर्ट्स की मानें तो विलियमस वनडे और टेस्ट मैच खेलते रहेंगे। ऑलराउंडर विलियमस के नाम टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक धांसू रिकॉर्ड दर्ज है।

# विवादित तरीके से जड़ेजा हुए आउट

नई दिल्ली, 12 मई। आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने घर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उतरी। इस मैच में राजस्थान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रन बनाए। चेन्नई रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और तभी उसकी पारी के दौरान ऐसा कुछ हो गया जो आमतौर पर क्रिकेट में नहीं देखा जाता है। चेन्नई के बल्लेबाज रवींद्र जडेजा को ऑवरट्रटिंग द फिल्ड आउट दे दिया गया। जडेजा काफी गुस्से में मैदान से बाहर गए।

16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने आवेश खान की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को थर्ड मैन की तरफ खेला। जडेजा ने एक रन ले लिया था और वह दूसरा रन लेना चाहते थे। वह आधी पिच पर आ गए थे, लेकिन गायकवाड़ ने उन्हें वापस भेज दिया। इसी बीच राजस्थान के फील्डर ने विकेटकीपर संजू सैमसन को गेंद दी और संजू ने नॉन स्ट्राइकर छोर पर थ्रो किया। लेकिन तभी जडेजा वापस क्रीज पर जाने को पलटे और थ्रो के बीच में आ गए, गेंद उनसे टकरा गई। राजस्थान ने ऑवरट्रटिंग द फिल्ड की अपील की और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

इस अपील के मामले में अंपायर ये देखता है कि कहीं बल्लेबाज जानबूझकर थ्रो के बीच में आया है या नहीं। यानी क्या बल्लेबाज जानबूझकर रुकावट डाल रहा है या नहीं। अंपायर ने जब रिप्ले देखा तो पाया कि जडेजा ने सैमसन को थ्रो करते देखा था और उन्हें अंदाजा था कि गेंद कहां जाने वाली है। तभी उन्होंने क्रीज में वापस लौटने के लिए जब पलटी मारी तो वह जानते थे कि गेंद कहां जा रही है और वह यह जानते हुए गेंद को रोकने के लिए उसके रास्ते में आ गए ताकि गेंद सीधा विकेटों पर न लगे और वह रन आउट होने से बच जाएं।

इसी को देखते हुए अंपायर ने जडेजा को ऑवरट्रटिंग द फिल्ड आउट दे दिया। जडेजा को हालांकि ये बात पसंद नहीं आई और वह काफी गुस्से में मैदान से बाहर गए। जडेजा को पहली बार आईपीएल में इस तरह से आउट दिया गया है।

### विराट कोहली ने रचा इतिहास

# एक ही फ्रेंचाइजी के लिए 250 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने



बेंगलुरू, 12 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का 62वां मुकाबला आज यानी के रविवार को यहां बेंगलुरु के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है। दिल्ली ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में अपना नाम आते ही एक नया इतिहास रच दिया है।

किंग कोहली का आईपीएल में यह 250वां मैच है और वह इस लीग में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 250 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। दिल्ली और बेंगलुरु दोनों अभी भी प्लेऑफ की रेस में कायम हैं। लेकिन दिल्ली का पलड़ा ज्यादा भारी है। दिल्ली अभी 12 मैचों में 6 जीत और 6 हार के बाद 12 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर है जबकि बेंगलुरु 12 मैचों में अभी पांच जीत और सात हार के बाद 10 अंक लेकर सातवें नंबर पर है।

## ईशा-अनीष का शानदार प्रदर्शन, ओलंपिक ट्रायल में दर्ज की दूसरी जीत

नई दिल्ली, 12 मई। महिला निशानेबाज ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल और अनीष ने पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में रविवार को जीत हासिल की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था, जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। ये सभी 10 निशानेबाज सोमवार को ओलंपिक चयन ट्रायल के चौथे और अंतिम ट्रायल में हिस्सा लेंगे।

# पहलवान अमन सहरावत ने भारत को पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया, दीपक पूनिया बाहर



इस्तांबुल, 12 मई। अमन सहरावत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया, लेकिन दीपक पूनिया यहां विश्व क्वालीफायर में पहले दौर में करारी हार के बाद क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर हो गए। अंडर-23 विश्व चैम्पियन और सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप विजेता अमन से 57 किग्रा में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद थी और इस 20 साल के पहलवान ने भी निराश नहीं किया।

उन्होंने भारत को शर्मसार होने से बचाया भी, क्योंकि इससे पहले किसी पुरुष पहलवान ने पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया था। छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करने वाले अमन ने अपने तीनों मुकाबलो में दोहरे अंक के स्कोर से जीत हासिल की जिसमें से दो तकनीकी श्रेष्ठता वाली जीत रहीं।

यूक्रेन के एंड्री यातसेंको को हराने से पहले उन्होंने जॉजी वालेनतिनोव को 10-4 से मात दी। यातसेंको ने भारतीय पहलवान को चुनौती दी लेकिन अमन उनके लिए काफी मजबूत साबित हुए। अमन ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 'टेक डाउन' के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। उन्होंने सेमीफाइनल में उत्तर कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 के अंतर से पराजित किया। सुजीत कलकल ने 65 किग्रा में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जलोलोव के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की और इसके बाद कोरिया के जुनसिक युन को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया।

सुजीत ने क्वार्टरफाइनल में कनाडा के लाचलान मौरिस को 10-0 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन वह एशियाई खेलों के चैम्पियन और एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदकविजेता मंगोलिया के तुल्गा तुमुर ओचिर से 1-6 से हार गये। अब उन्हें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए दो मुकाबले जीतने होंगे। तोक्यो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूके पूनिया (86 किग्रा) पहले मुकाबले में चीन के ताकतवर जुशेन लिन पर बढ़त लेने के बावजूद 4-6 से हार गए। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी पहलवान पूनिया पहले पीरियड में 3-0 से बढ़त बनाये थे।

चीन के पहलवान ने वापसी करते हुए स्कोर 4-3 कर दिया और अंत में जीत दर्ज करने में सफल रहे। जयदीप अहलावत ने 74 किग्रा में1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मोल्दोवा के वासिल डायकॉन के खिलाफ 5-3 से जीत हासिल की और प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। फिर उन्होंने ऑस्ट्रिया के साइमन मार्चल के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की लेकिन क्वार्टरफाइनल में स्लोवाकिया के तैमुराज साल्काजानोव से 0-3 से हार गये। वह हालांकि दौड़ में बने हुए हैं। अगर स्लोवाकियाई पहलवान फाइनल में पहुंच जाता है तो उसे रेपेशाज के जरिये एक मौका मिलेगा। इससे पहले दिन में दीपक (97 किग्रा) और अनुभवी सुमित मलिक (125 किग्रा) अपने पहले दौर के मुकाबले हार गए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र प्रवास के दूसरे दिन मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल ने पत्रकारों के कई सवालों के जवाब देते हुये कहा कि, देश की जनता को 2014 से पहले के और अब के भारत के बीच का अंतर पता है। उन्होंने कहा कि, जनता अच्छे से सोच विचार करके ही वोट देगी।

# विपक्ष को भाजपा के मजबूती वाले राज्यों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## जानकारों का मानना है कि, इस बार हरियाणा , राजस्थान सहित कई राज्यों में विपक्ष को भाजपा का सक्सेस रेट कम और अपना बढ़ता दिख रहा है

नई दिल्ली, 12 मई। भाजपा नीत एन.डी.ए. को बहुमत के जादुई आंकड़े से से दूर रखने के लिए विपक्ष कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु सहित दक्षिण के अपने गढ़ के अलावा हरियाणा, यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन की आस में है। यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि जिन राज्यों में भाजपा ने शत-प्रतिशत प्रदर्शन किया था वहां इस बार विपक्ष सेंधमारी जरूर करेगा।

**■ विपक्ष के दावे में कितनी सचाई है यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन विपक्ष का उत्साह बचे हुए चरणों में लड़ाई को और रोचक बना रहा है। पिछले चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो उत्तर भारत में जहां एन.डी.ए. दमदार दिख रहा था, वहीं, दक्षिण भारत में इंडिया का किला मजबूत दिख रहा है।**

**■ सियासी जानकारों का कहना है कि, अब तक जो भी फीडबैक मिला है उससे साफ है कि कोई भी पक्ष आश्वस्त नहीं है और जमीन पर कोई लहर नहीं नजर आ रही है।**

दावे में कितनी सचाई है यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन विपक्ष का उत्साह बचे हुए चरणों में लड़ाई को और रोचक बना रहा है। पिछले चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो उत्तर भारत में जहां एनडीए दमदार दिख रहा था, वहीं, दक्षिण भारत में इंडिया का किला मजबूत दिख रहा है। हालांकि जानकारों का कहना है कि हर चुनाव का अपना अलग गणित होता है इसलिए इस बार कई उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

जानकारों का कहना है कि गुजरात 26 सीट, राजस्थान 25 सीट, मध्य प्रदेश 29 सीट, उत्तराखंड 5 सीट, दिल्ली 7 सीट, यूपी 80 सीट, छत्तीसगढ़ 11 सीट, हरियाणा 10 सीट वाले राज्यों में भाजपा का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार हरियाणा , राजस्थान सहित कई राज्यों में विपक्ष को भाजपा का सक्सेस रेट कम और अपना बढ़ता दिख रहा है। इनमें से ज़्यादातर जगहों पर चुनाव हो चुका है। दिल्ली और हरियाणा में चुनाव होना बाकी है। यूपी की भी कई सीटों पर मतदान होना बाकी है।

पिछले परिणामों के लिहाज से कर्नाटक को छोड़ दें तो दक्षिण में इंडिया गठबंधन मजबूत नजर आ रहा है। तमिलनाडु, केरल से लेकर तेलंगाना में कांग्रेस, डीएमके और वाम दल भाजपा पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। लेकिन बीजेपी को कर्नाटक के साथ तेलंगाना और आंध्र में गठबंधन के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। जबकि तमिलनाडु में भी खाता खोलने का दावा भाजपा द्वारा किया जा रहा है। तेलंगाना और आंध्र में चौथे चरण में चुनाव होना है।

बहुमत के लिए जरूरी सीटों पर अब तक चुनाव हो चुका है। इसमें कौन कितना भारी पड़ेगा यह कहना मुश्किल है लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि अब तक जो भी फीडबैक मिला है उससे साफ है कि कोई भी पक्ष आश्वस्त नहीं है और जमीन पर कोई लहर नहीं नजर आ रही है।

# ‘वर्ष 2014 से पहले हर रोज भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी जाती थी’

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुम्बई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, पहले हर रोज देश में नया घोटाला उजागर होता था

मुम्बई, 12 मई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, वर्ष 2014 से पहले देश में हर रोज भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी जाती थी। एक घोटाला सामने आता था और कुछ ही दिन में उससे बड़ा अगला घोटाला उजागर होता था। 2014 के बाद देश को घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति मिली। इसलिए देश की जनता को मोदी के विजन पर विश्वास है।

**■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, मीडिया को कांग्रेस के झूठे और लुभावने घोषणा पत्रों की पड़ताल कर सच्चाई जनता तक पहुंचानी चाहिए।**

**■ भजनलाल शर्मा ने केजरीवाल की जमानत पर टिप्पणी करते हुये कहा कि, अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राजनीति में आए थे और खुद ही भ्रष्टाचार में डूब गए। जनता केजरीवाल की बातों को गंभीरता से नहीं लेती है क्योंकि वे तो खुद ही जमानत पर बाहर हैं।**

मुख्यमंत्री रविवार को मुम्बई में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस हमेशा स्वार्थ, परिवारवाद और अफवाहों की राजनीति करती है और अब तो वे नस्लभेद पर भी उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने देश को कमजोर किया है। ये पार्टी गरीब की सिर्फ बात ही करती थी, गरीबों से उनका कोई वास्ता नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीब कल्याण की परिभाषा ही बदल दी। शर्मा ने कहा कि, मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। उसका भी देश के प्रति कर्तव्य है। मीडिया को देश में हो रहे विकास की कहानी लोगों तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के झूठे और लुभावने घोषणा पत्रों की पड़ताल कर सच्चाई जनता तक पहुंचानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, राजस्थान की वर्तमान सरकार ने कुछ माह के कार्यकाल में वो कार्य किए हैं जो कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद नहीं कर पाई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान के 21 जिलों के निवासियों की पेयजल तथा सिंचाई की समस्या का समाधान करने के लिए ई.आर.सी.पी. समझौता तथा शेखावटी के जिलों के लिए यमुना जल समझौता भी बेहद कम समय में किया गया। संकल्प पत्र के लगभग 45 प्रतिशत वादे राजस्थान की वर्तमान सरकार ने पूरे कर दिए हैं।

शर्मा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि, अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राजनीति में आए थे और खुद ही भ्रष्टाचार में डूब गए। जनता केजरीवाल की बातों को गंभीरता से नहीं लेती है क्योंकि वे तो खुद ही जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि, इस लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओडिशा सहित लगभग सभी राज्यों में भाजपा की सीटें बढ़ेगी तथा राजस्थान में एक बार फिर 25 में से 25 सीटें पार्टी को प्राप्त होंगी।

### चौथे चरण ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उम्मीदवारों के के भाग्य का निर्णय कर सकेंगे। इनमें 8.97 करोड़ पुरुष और 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान कराया जा रहा है। सोमवार को मतदान के दिन लू चलने का कोई पूर्वानुमान नहीं है और दिन का तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस तक नीचे या ऊपर रहने का अनुमान है। फिर भी गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतादान केंद्रों पर शामियाने की छांव, पीने के पानी और पंखों आदि के प्रबंध किए गए हैं।

चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की 8-8, बिहार की 5, ओडिशा और झारखंड की 4-4 और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर 1 सीट पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के 5 बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, 2 क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

# ‘भाजपा कभी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगी’

बैरकपुर,12 मई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दोहराया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देगा क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया समूह मुस्लिम समुदाय के लिए प्रयास कर रहा है।

**■ प्रधानमंत्री मोदी ने बैरकपुर (प. बंगाल) में आयोजित जनसभा में कहा कि, इंडिया गठबंधन मुस्लिम समुदाय को धार्मिक आधार पर आरक्षण देने का प्रयास कर रहा है।**

मोदी ने पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के औद्योगिक शहर बैरकपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अर्जुन सिंह के पक्ष में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जात (एससी) के लिए मौजूदा आरक्षण में कटौती से इनकार कर दिया।

उन्होंने नागरिकता संशोधन (सीएए) को लागू करने के लिए प्रतिज्ञा व्यक्त की, जो उन शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए है जो दुनिया के अन्य हिस्सों से धार्मिक आधार पर उत्पीड़न किये जाने के बाद भारत आए।

मोदी ने संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार और भ्रष्टाचार की श्रृंखला के लिए सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार को स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे खराब शासन के रूप में वर्णित किया।

प्रधानमंत्री ने रैली में लोगों की उपस्थिति, विशेषकर महिलाओं की बढ़ती संख्या को देखने के बाद कहा,मैं इस बार 2019 की तुलना में बहुत बड़ा बदलाव देख सकता हूं। मैं अगले पांच वर्षों में आम लागों के लिए गारंटर के रूप में खड़ा रहूंगा।

उन्होंने तृणमूल सरकार पर घुसपैठियों के समर्थन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं के साथ दोयम दर्जे के नागरिक के रूप में व्यवहार करने का आरोप लगाया।

अपनी पांच गारंटियों के बारे में चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी अयोध्या में राम मंदिर को ध्वस्त करने और बंगाल में राम नवनी के दिन जुलूस पर हमला करने की हिम्मत नहीं कर सकता।

मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह पर तृणमूल और वाम दलों के साथ मिलकर राम मंदिर के खिलाफ कदम उठाने, धार्मिक आधार पर मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण और सीएए को निरस्त करने की वकालत करने का आरोप लगाया।

# पत्रकार की पिटाई पर राहुल व प्रियंका ने नाराज़गी जताई

दिल्ली,12 मई (वार्ता) कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के रायबरेली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुनावी सभा में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक पत्रकार की पिटाई कर प्रेस का गला घोटने का काम किया है लेकिन पुलिस इस पूरे घटनाक्रम में मूकदर्शक बनी रही।

**■ राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने कहा है कि, उत्तर प्रदेश के रायबरेली में अमित शाह की चुनावी सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पत्रकार की पिटाई कर प्रेस का गला घोटने का काम किया है, लेकिन पुलिस इस पूरे घटनाक्रम में मूकदर्शक बनी रही।**

दोनों नेताओं ने कहा कि आज देश में मीडिया का एक वर्ग झूठ फैला रहा है और प्रधानमंत्री से शाबाशी पा रहा है तो एक दूसरा वर्ग है जो जान जोखिम में डालकर सच बोल रहा है और सच बोलने की कीमत चुका रहा है।

गांधी ने कहा,आज देश में दो तरह का मीडिया है -एक वो जिनकी पीठ ‘झूठ और नफ़रत’ फैलाने पर प्रधानमंत्री खुद थपथपाते हैं। दूसरे वो जो ‘सच की आवाज़’ उठाने की कीमत अपनी जान जोखिम में डाल कर चुका रहे हैं। देश के गृहमंत्री की सभा में बस अपना काम कर रहे एक जुझारू पत्रकार के साथ पुलिस के संरक्षण में ऐसी गुंडागर्दी बताती है कि भारत क्यों नरेंद्र मोदी के राज में प्रेस फ्रीडम के मामले में 159वें स्थान पर है। हम सब इस बहादुर युवा के साथ खड़े हैं।” वाड्रा ने दावा किया कि पत्रकार श्री शाह की चुनावी सभा के दौरान महिलाओं से बात कर रहे थे और महिलाएं बोल रही थीं कि उन्हें पैसा देकर चुनावी सभा में लाया गया है लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं को यह पसंद नहीं आया तथा उन्होंने पत्रकार की पिटाई कर दी।

उन्होंने कहा, रायबरेली में गृहमंत्री जी की सभा में भाजपा के लोगों ने पत्रकार राघव त्रिवेदी को बेरहमी से पीटा। गृहमंत्री जी भाषण देते रहे और पुलिस मूकदर्शक बनी देखती रही। पत्रकार को सिर्फ इसलिए पीटा गया क्योंकि उन्होंने कुछ महिलाओं से बात की थी जो कह रही थीं कि सभा में आने के लिए उन्हें पैसे दिए गए।

कांग्रेस महासचिव ने कहा,पूरे देश के मीडिया का मुंह बंद कर देने वाली भाजपा को यह बर्दाश्त है कि उनके खिलाफ कहीं कोई आवाज उठे। संविधान खत्म करने का अभियान चला रही भाजपा इस देश से लोकतंत्र को खत्म कर जनता की आवाज छीन लेना चाहती है।

### राजस्थान समेत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है और अगले पांच दिनों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-60 किमी प्रति घंटे) के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

विभाग के अनुसार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में भी 12 से 16 मई तक गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने और बिजली चमकने और तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे) चलने का अनुमान है।

तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, कर्नाटक, रायलसीमा और लक्षद्वीप में भी 16 मई तक इसी तरह के मौसम की स्थिति बने रहने का अनुमान है।

अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।

मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 12-15 मई के दौरान बारिश होने का अनुमान है और 16-18 मई को व्यापक स्तर पर बारिश हो सकती है।

# जोधपुर : ड्रग फैक्टरी पर पुलिस का छापा, 104 करोड़ की नशीली दवायें जब्त

## सर्विस सैंटर के नाम संचालित की जा रही फैक्टरी में नशीली दवायें बनाने का कारोबार चल रहा था

जोधपुर, 12 मई (कासं) । मुंबई पुलिस ने जोधपुर में सर्विस सेंटर की आड़ में चल रही ड्रग फैक्ट्री पर छापा मारकर करीब 104 करोड़ की ड्रग बरामद की है। जोधपुर शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर मोगड़ा स्थित इस फैक्ट्री से लगभग 68 किलो एमडी ड्रग का उत्पादन किया जा रहा था। फैक्ट्री को सीज कर दिया गया है। मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर सत्यनारायण चौधरी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

**■ मुम्बई पुलिस इसके अलावा चार अन्य फैक्टरियों पर भी कार्रवाई में जुटी है।**

**■ इस फैक्टरी का संचालन मोगड़ा निवासी भारमल जाट कर रहा था। फैक्टरी से 68 किलो नशीली दवायें जब्त की गई हैं।**

जानकारी के अनुसार, मुंबई में सप्लाई हो रही ड्रग्स का कनेक्शन जोधपुर से होने का पुलिस के पास इनपुट था। मोगड़ा से गुडा रोड जाने वाले रास्ते में एक फैक्ट्री का अपडेट मिला था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने इस की जांच पड़ताल की तो बात सही निकली। इस पर मुंबई पुलिस जोधपुर पहुंची तथा ड्रग फैक्ट्री पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि इसके साथ ही यहां 4 अन्य फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल लोकल पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, इस फैक्ट्री का संचालन मोगड़ा निवासी भारमल जाट (40) कर रहा था। अब तक 104 करोड़, 25 लाख 70 हजार का माल जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, भारमल को मुंबई पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी पिछले 6 महीने से सर्विस सेंटर के नाम पर ड्रग फैक्ट्री संचालित कर रहा था।

जानकारी के अनुसार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया (एन.सी.बी.) और गुजरात ए.टी.एस. की टीम ने 27 अप्रैल को राजस्थान-गुजरात में करीब 230 करोड़ की ड्रग पकड़ी थी। टीम ने कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया, इनमें 6 राजस्थान के थे। इसी दौरान पुलिस को जोधपुर में ड्रग्स की बड़ी खेप तैयार होने के इनपुट भी मिले थे।

### कांग्रेस गहलोत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस को मिल जाती। पर पुत्रमोह के चलते उन्होंने अपने गृह क्षेत्र में भी रुचि नहीं ली। असल में करण सिंह सचिन पायलट खेमे में है और गहलोत नहीं चाहते थे कि वे जीते क्योंकि अगर करणसिंह जीतते तो श्रेय सचिन को मिलता। गहलोत 5 बार यहां से जीत चुके है पर गत चुनाव में वैभव की हार के बाद वे नहीं चाहते कि कोई अन्य कांग्रेसी यहां से जीते। पूर्व सीएम का इस बार लोकसभा चुनाव में पुरा फोकस अपने पुत्र मोह में नजर आया। जिसका खामियाजा कांग्रेस को उठाना पड़ेगा।

### जयपुर एयरपोर्ट व देश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उड़ाने की धमकी मिली। इसी तरह बारा हिंदू राव हॉस्पिटल, जनकपुरी सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल, अरुणा असफ अली सरकारी अस्पताल में भी इसी तरह ईमेल भेज कर धमकी दी गई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के अधिकारियों को शाम छह बजे एक धमकी भरा ई-मेल मिला। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम के मीणा ने कहा कि अपराह्न तीन बजे बुराड़ी अस्पताल से धमकी के संबंध में कॉल आने के बाद स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते को घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस उपायुक्त ने कहा, यह टीमें अस्पताल की जांच कर रही हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

बुराड़ी अस्पताल के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा, अपराह्न करीब तीन बजे हमें अस्पताल में बम होने के संबंध में एक ई-मेल मिला। इसके बाद सभी सुरक्षा उपायों की गहन स्तर पर जांच की गई और सब कुछ ठीक मिला। यह पहली बार था जब हमें ऐसा कोई ई-मेल प्राप्त हुआ। अधिकारियों के मुताबिक संजय गांधी अस्पताल को भी अपराह्न करीब तीन बजे एक धमकी भरा ई-मेल मिला। दोपहर के बाद दिल्ली में कई जगहों पर बम से जुड़ा ईमेल मिलने के बाद से अफरातफरी की भी स्थिति रही। कुछ ऐसी ही स्थिति जयपुर एयरपोर्ट पर भी रही। दोपहर करीब 3.30 बजे एयरपोर्ट अथॉरिटी को ईमेल कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद जयपुर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। बताया जा रहा है कि -सीआईएसएफ के जवानों ने पूरे एयरपोर्ट पर सघन तलाशी भी ली है।

जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन के लिए डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते की टीमें भी पहुंच गईं। एहतियात के तौर पर एसडीआरफ के जवानों और दमकल की गाड़ियां भी एयरपोर्ट पर आ गई थीं। आपको बता दें कि जयपुर एयरपोर्ट को इससे पहले भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इसी महीने 3 मई को जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

### ‘मेरी सभी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है कि उसे संविधान के तहत निर्बाध, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने वाले सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा दिए जा रहे घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों के खिलाफ कार्रवाई करने में आयोग द्वारा दिखाई गई तत्परता की कमी हैरान करने वाली लगती है।”

# ‘इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश के सभी लोगों का होगा मुफ्त इलाज’

## केजरीवाल ने दस गारंटी दी और दावा किया कि, वे अपने सहयोगी दलों से इसे पूरा करवायेंगे

नई दिल्ली, 12 मई (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश के सभी लोगों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित कराने समेत दस गारंटी की घोषणा करते हुए कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर वह अपने सहयोगी दलों से इसे पूरा करवायेंगे।

**■ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया लेकिन हमारी सरकार नहीं मानती है। लोगों से छुपाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। चीन के कब्जे से सारी जमीन को वापस लायेंगे। इसके लिए कूटनीति के साथ सेना को भी स्वतंत्रता देंगे।**

आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का कोई भरोसा नहीं लेकिन केजरीवाल की गारंटी पर सभी को भरोसा है। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में लोगों को जो गारंटी दी है उसे पूरा करके दिखाया है लेकिन प्रधानमंत्री ने हर साल दो करोड़ लोगों नौकरी देने और हर नागरिक के खाते में पंद्रह लाख देने समेत किसी भी गारंटी को पूरा नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि, इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश भर में चौबीस घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। बिजली की मांग से अधिक उत्पादन करने की क्षमता है और इसे हम करके दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर के गरीबों को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगें।

केजरीवाल ने कहा कि अगर किसी देश के अंदर शिक्षा की कमी है तो वह देश आगे नहीं बढेगा। इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश के सभी सरकारी स्कूलों को शानदान बनायेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि अगर देश की जनता स्वस्थ्य होगी तो देश की तरक्की होगी।सभी के लिए अच्छे इलाज का इंतजाम किया जाएगा। देश के सभी लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। देश भर में मोहल्ला क्लिनिक, अस्पताल बनाया जाएगा ताकि लोग अच्छा इलाज पा सकें।

उन्होंने कहा कि, और चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया लेकिन हमारी सरकार नहीं मानती है। लोगों से छुपाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। चीन के कब्जे से सारी जमीन को वापस लायेंगे। इसके लिए कूटनीति के साथ सेना को भी स्वतंत्रता देंगे।

केजरीवाल ने कहा कि, अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा। अब तक जो अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती में भर्ती हुए हैं उन्हें पक्का किया जाएगा। सेना पर जितना पैसा खर्च करने की जरूरत है उसे किया जाएगा। देश की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि किसानों को फसल का पूरा दाम दिया जाएगा। एमएसपी के अनुसार सभी फसलों की खरीदारी की जाएगी। आप नेता ने कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाया जाएगा। यह यहां के लोगों की बहुत पुरानी मांग है। आप नेता ने कहा कि सरकार बनने पर बेरोजगारी की समस्या दूर होगी। एक साल में दो करोड़ युवाओं को नौकरी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की वाशिंग मशीन को चौराहे पर तोड़ा जाएगा और भ्रष्टाचार से पूरे देश को निजात दिलाया जाएगा।

# ‘कांग्रेस शहजादे की उम्र के बराबर भी सीटें नहीं ला पाएगी’

चिनसुराह/बैरकपुर, 12 मई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस बार के आम चुनाव में देश की सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) ‘शहजादा’ (कांग्रेस नेता राहुल गांधी) की उम्र जितनी सीटों को भी पार नहीं कर सकती है। मोदी ने हुगली से मौजूदा सांसद लॉकेट चटर्जी और सेरामपुर से भाजपा उम्मीदवार कबीर शंकर बोस के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कथित कुशासन और भ्रष्ट सरकार के लिए पश्चिम बंगाल में सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा,पहले तीन चरण में हुए मतदान से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा निश्चित रूप से 2024 में 400 सीटों को पार कर जाएगी। उन्होंने बंगाल के लोगों से 2024 के आम चुनाव में तृणमूल को त्यागने की अपील की।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908